दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
# नवयत्न
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 80 | सीकर, रविवार 17 मई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## न्यूरो सर्जरी से मिली राहत, ढूकिया हॉस्पिटल में युवक का सफल इलाज



संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिले के नारी निवासी 25 वर्षीय युवक अनूप को अचानक तेज सिरदर्द, उल्टी और चलने में परेशानी होने पर परिजनों ने उसे तुरंत ढूकिया हॉस्पिटल में भर्ती करवाया, जहां समय पर उपचार मिलने से उसकी जान बच सकी। न्यूरो सर्जन डॉ जोगेंद्र सिंह झाझड़िया ने जांच के बाद युवक को हाइड्रोकेफेलस से पीड़ित बताया। उन्होंने बताया कि यह एक गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी है, जिसमें दिमाग के अंदर सेरेब्रोस्पाइनल फ्लूइड सामान्य से अधिक मात्रा में जमा हो जाता है, जिससे मस्तिष्क पर दबाव बढ़ जाता है। समय पर इलाज नहीं मिलने पर यह स्थिति खतरनाक साबित हो सकती है। डॉ झाझड़िया के अनुसार हाइड्रोकेफेलस बच्चों और बड़ों दोनों में हो सकता है हालांकि नवजात एवं छोटे बच्चों में यह अधिक पाया जाता है। इसकी जांच छोटे बच्चों में अल्ट्रासाउंड तथा अन्य मरीजों में सीटी स्कैन और एमआरआई के माध्यम से की जाती है। उपचार के रूप में सर्जरी की जाती है, जिसमें अतिरिक्त तरल को निकालने के लिए शंट लगाया जाता है। कुछ मामलों में एंडोस्कोपिक थर्ड वेंट्रिकुलोस्टॉमी सर्जरी भी की जाती है। हॉस्पिटल निदेशक डॉ मोनिका ढूकिया ने बताया कि अस्पताल में न्यूरो, गैस्ट्रो एवं लिवर, यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी सहित विभिन्न विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध हैं। यहां एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, ईआरसीपी जैसी जांच सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि ईसीएचएस, ईएसआईसी, आरजीएचएस एवं माँ योजना के अंतर्गत कैशलेस उपचार की सुविधा दी जा रही है जिससे आमजन को उच्च स्तरीय इलाज किफायती दरों पर मिल रहा है। अस्पताल में 32 स्लाइस सीटी स्कैन एवं एडवांस कलर डॉपलर सोनोग्राफी की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

# ये दुनिया के लिए आपदाओं का दशक : प्रधानमंत्री मोदी

## पहले कोरोना, फिर युद्ध, अब ऊर्जा संकट

## हालात नहीं बदले तो गरीबी के दलदल में फंसेंगे

द हेग।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीदरलैंड दौरे पर हैं। उन्होंने द हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए दुनिया के मौजूदा हालात पर चिंता जताई। मोदी ने कहा कि आज मानवता के सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं। ये दशक आपदाओं का दशक बन गया है। दुनिया पहले कोरोना, फिर युद्ध और अब ऊर्जा संकट से जूझ रही है। अगर हालात नहीं बदले तो बीते कई दशकों के काम पर पानी फिर जाएगा और दुनिया की बहुत बड़ी आबादी गरीबी के दलदल में फंस जाएगी। नीदरलैंड का राज परिवार यूरोप के सबसे पुराने शाही परिवारों में से एक माना जाता है। इसे हाउस ऑफ ऑरेंज-नासाउ कहा जाता है।

नीदरलैंड के मौजूदा राजा विलेम-अलेक्जेंडर हैं। उन्होंने साल 2013 में अपनी मां क्वीन बीट्रिक्स के पद छोड़ने के बाद राजगद्दी संभाली थी। विलेम-अलेक्जेंडर करीब 100 साल बाद नीदरलैंड के पहले पुरुष राजा बने। राजा की पत्नी नाम क्वीन मैक्सिमा हैं। वे मूल रूप से अर्जेंटीना से हैं। राजा और रानी की बड़ी बेटी कैथरीना-अमालिया नीदरलैंड की अगली रानी मानी जाती हैं। उन्हें प्रिंसेस ऑफ ऑरेंज की उपाधि मिली हुई है।



### नीदरलैंड में भारतीय मूल का सूरीनामी समुदाय चर्चा में

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीदरलैंड दौरे के दौरान वहां रहने वाला सूरीनामी-हिंदुस्तानी समुदाय खास चर्चा में रहा। यह समुदाय उन भारतीयों के परिवारों से जुड़ा है जिन्हें करीब 153 साल पहले बिहार, उत्तर प्रदेश और बंगाल से काम के लिए सूरीनाम भेजा गया था। बाद में इनमें से कई लोग नीदरलैंड आकर बस गए। आज भी यह समुदाय अपनी भारतीय संस्कृति और परंपराओं को संभालकर रखे हुए है। हेग शहर में रहने वाले लोग अब भी भोजपुरी और अवधी से जुड़ी सरनामी भाषा बोलते हैं।

### भारत अवसरों की भूमि है, जो तकनीक और मानवता दोनों से प्रेरित है : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारत को अवसरों की धरती बताते हुए कहा कि देश तकनीक और मानवता, दोनों की ताकत से आगे बढ़ रहा है। द हेग में भारतीय प्रवासी समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया इस समय कई चुनौतियों का सामना कर रही है, ऐसे दौर में भारत नवाचार, आर्थिक विकास और वैश्विक सहयोग की एक अहम ताकत बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा, भारत अवसरों की धरती है, जो तकनीक और मानवता दोनों से प्रेरित है। प्रधानमंत्री ने कोविड-19 महामारी और दुनिया में जारी संघर्षों का जिक्र करते हुए कहा, यह दशक दुनिया के लिए चुनौतियों का दशक बनता जा रहा है। उन्होंने उभरती भू-राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितताओं से निपटने के लिए मजबूत अंतरराष्ट्रीय समन्वय और साझेदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और नीदरलैंड ऊर्जा सुरक्षा और जल सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लगातार सहयोग बढ़ा रहे हैं।

## रिपोर्ट-ईरान पर अगले हफ्ते दोबारा हमले की तैयारी में अमेरिका

### 50 हजार सैनिक और युद्धपोत तैनात




तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।

अमेरिका अगले हफ्ते ईरान पर दोबारा सैन्य हमले की तैयारी कर रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक, पेंटागन ने हमले के कई विकल्प तैयार किए हैं और अब अंतिम फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लेना है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई बढ़ाने की योजना तैयार है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, हमले के विकल्पों में ईरान के सैन्य और इंफ्रास्ट्रक्चर ठिकानों पर बड़े हवाई हमले शामिल हैं।

एक विकल्प अमेरिकी स्पेशल ऑपरेशन फोर्सेज को जमीन पर उतारकर इस्फहान परमाणु साइट में दबे परमाणु सामग्री यानी एनरिच्ड यूरेनियम तक पहुंचने का भी है। हालांकि अधिकारियों ने माना कि ऐसा ऑपरेशन बेहद जोखिम भरा होगा और इसमें भारी सैन्य नुकसान हो सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने मिडिल-ईस्ट में 50 हजार से ज्यादा सैनिक तैनात रखे हैं। इसके अलावा दो एयरक्राफ्ट कैरियर, एक दर्जन से ज्यादा नेवी डेस्ट्रॉयर और बड़ी संख्या में लड़ाकू विमान भी क्षेत्र में मौजूद हैं। करीब 5 हजार मरीन और 82वीं एयरबोर्न डिवीजन के 2 हजार पैराट्रूपर्स भी आदेश का इंतजार कर रहे हैं।

### बड़े अपडेट्स

1. **ट्रम्प-जिनपिंग में ईरान जंग पर दो बातों पर सहमति:** दोनों नेताओं ने माना कि मौजूदा युद्ध खत्म होना चाहिए और होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह खुला रहना चाहिए। हालांकि चीन ने युद्ध खत्म कराने में बड़ी भूमिका के संकेत नहीं दिए।
2. **ब्रिक्स देशों में ईरान मुद्दे पर एक राय नहीं बनी:** नई दिल्ली में हुई ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में ईरान युद्ध को लेकर सदस्य देशों के बीच मतभेद दिखे। साझा बयान में कहा गया कि इस मुद्दे पर सभी देशों की सोच अलग-अलग है।

## पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना बंद करे : सेना प्रमुख

### तय करे कि दुनिया के नक्शे पर बने रहना है या इतिहास बनना है

नई दिल्ली



सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ आतंकवाद फैलाना जारी रखता है, तो उसे खुद तय करना होगा कि वह भविष्य में दुनिया के नक्शे पर बना रहना चाहता है या इतिहास बनना चाहता है।

दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित 'सेना संवाद' कार्यक्रम में उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी स्थिति दोबारा बनने के सवाल पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भारत विरोधी आतंकियों को शरण देना बंद करना होगा। ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर भारतीय सेना ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह साफ संदेश दिया कि पाकिस्तान में कोई भी आतंकवादी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। यह अभियान अंत नहीं, बल्कि शुरुआत थी। भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ता रहेगा। जयपुर में 7 मई को प्रेस कॉन्फ्रेंस में सेना ने बताया, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 100 से ज्यादा जवानों और टेररिस्ट कैंप में 100 से ज्यादा आतंकियों की मौत हुई है। सेना ने कहा-पहलगाम हमले में मारे गए हमारे भाई-बहनों को हम वापस नहीं ला सकते, लेकिन यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि ऐसा हमला दोबारा न हो। हमारा ऑब्जेक्टिव क्लियर था और ऑपरेशन के लिए पूरी छूट दी गई थी।

## नीट पेपर लीक केस- 9वीं गिरफ्तारी, पुणे की लेक्चरर गिरफ्तार

### एनटीए ने एक्सपर्ट तैनात किया था, छात्रों को बॉटनी-जूलॉजी के कई सवाल बताए

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी 2026 पेपर लीक मामले में सीबीआई ने शनिवार को पुणे की बायोलॉजी लेक्चरर मनीषा गुरुनाथ मांढरे को गिरफ्तार किया है। मांढरे को दिल्ली में सीबीआई हेडक्वार्टर में पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। एजेंसी का दावा है कि मनिषा मांढरे नीट परीक्षा के लिए एनटीए के एक्सपर्ट पैनल का हिस्सा थी। अधिकारियों के अनुसार, मांढरे के पास बॉटनी और जूलॉजी के सवालों तक पूरी पहुंच थी। उसने एग्जाम से पहले अपने पुणे स्थित घर पर स्पेशल कोचिंग क्लास चलाई। वहां बॉटनी और जूलॉजी के कई सवाल छात्रों को बताए, नोटबुक में लिखवाए और किताबों में मार्क करवाए। आरोप है कि मांढरे ने अप्रैल 2026 में पुणे की ही रहने वाली मनिषा वाघमारे के जरिए नीट अभ्यर्थियों को जुटाया था। लीक पेपर देने के बदले छात्रों से लाखों रुपए लिए। मनिषा वाघमारे को सीबीआई 14 मई को गिरफ्तार कर चुकी है। मांढरे की गिरफ्तारी पेपर लीक के मास्टरमाइंड पीवी कुलकर्णी से पूछताछ के आधार पर हुई है।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रॉबर्ट वाड्रा को प्री-अरेस्ट बेल

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को रॉबर्ट वाड्रा को शिकोहपुर जमीन सौदा केस में प्री-अरेस्ट बेल (नियमित जमानत) दे दी। कोर्ट ने इस मामले में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए वाड्रा को समन किया था। जमानत देते समय कोर्ट ने कोई अतिरिक्त शर्त नहीं रखी है। सुनवाई के दौरान वाड्रा ने कहा कि ईडी सरकार के इशारे पर काम करती है और निष्पक्ष नहीं है। लेकिन मुझे देश की न्यायपालिका पर पूरा विश्वास है। वहीं, ईडी के वकील जोहेब हुसैन ने जांच की विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा है। उन्होंने अदालत को बताया कि एजेंसी अभी भी कुछ पहलुओं की जांच कर रही है और इसके लिए समय की जरूरत है। इस मामले में अगली सुनवाई 10 जुलाई को होगी।

# छैलाराम नगर की सड़क निर्माण के बवाल में लोगों के साथ आए बबलू चौधरी

संजय सोनी



**झुंझुनू (नवयत्न)।** सप्ताह भर से स्थानीय विधायक निवास के सामने स्थित छैलाराम नगर, शंकर विहार और शहीद इंद्र सिंह सैनी कॉलोनी में डाली जा रही सड़क का बवाल शनिवार को काफी आगे बढ़ गया। जिसको गत विधायक चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे बबलू चौधरी ने लोगों को समझा कर शांत करने का प्रयास किया। लोगों ने बबलू चौधरी को अवगत करवाया कि यहां व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के लिए एक हजार से ज्यादा लोगों को नुकसान पंहुचाया जा रहा है। तीनों कॉलोनियों के लोगों को अफसोस तो इस बात का है कि वर्तमान विधायक के सामने इतनी बड़ी अनदेखी की जा रही है। लोगों द्वारा निवेदन करने पर भी सुनवाई नहीं होना आश्चर्य है। प्रदर्शन में बबलू चौधरी ने कहा कि व्यक्ति विशेष के लाभ की बजाए हमारा काम सबको समान रखने का है। यहां किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। नगर परिषद आयुक्त से फोन पर बात हुई है। सड़क की जानकारी सोमवार को उपलब्ध होगी। नाली निर्माण भी यहीं होगा। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री दिलीप सैनी, नगर मंडल अध्यक्ष कमल कांत शर्मा, बुधराम सैनी साथ रहे।

### लड़ाई सही और गलत की : प्रदीप सैनी

सप्ताह भर से शहीद इंद्र सिंह सैनी कॉलोनी से सड़क और नाली निर्माण का काम शुरू हुआ। निवर्तमान पार्षद प्रदीप सैनी ने बताया कि इस कार्य में एक शहीद स्मारक के सामने से बस्ती में जा रहे मार्ग में दोनों तरफ नाली निर्माण शुरू हुआ और विधायक निवास के सामने वाले मार्ग में सड़क का काम। यहां पूरे मार्ग में सड़क के दोनों तरफ तीन-तीन फीट की जगह नाली निर्माण के लिए खाली छोड़ी गई लेकिन एक प्रभावशाली और विधायक के निकट समझें जाने वाले व्यक्ति विशेष के घर के सामने नाली निर्माण की जगह दोनों तरफ की बजाय एक तरफ ही छोड़ना शुरू हुई। बस्ती के लोगों ने पूछा तो जवाब मिला हमारी मर्जी। बवाल यहीं से शुरू हुआ और तीनों बस्तियों के लोगों ने सही के लिए संघर्ष करना शुरू कर दिया।

## बैंकॉक में ट्रेन की टक्कर से लगी भीषण आग, 8 की मौत; 25 घायल

नई दिल्ली।

बैंकॉक में शनिवार को ट्रेन की टक्कर में आठ लोगों की मौत गई। ट्रेन की टक्कर के बाद लगी आग ने बस को अपनी चपेट में ले लिया, इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई और 25 लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि जैसे ही आग ने बस और आस-पास के वाहनों को अपनी चपेट में लिया, दमकलकर्मियों और बचाव दलों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने यह भी बताया कि इस टक्कर में एक ट्रेन, बस, कारें और मोटरसाइकिलें शामिल थीं। अधिकारियों ने बताया कि बचाव दल मलबे से घायल पीड़ितों को बाहर निकालने में जुटा है, जबकि, दमकलकर्मी आग पर काबू पा लियी है।



## प्रत्येक व्यक्ति की बातों को लेकर मत हो गंभीर : नामदेव

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** अंक ज्योतिषाचार्य सुरेंद्र नामदेव ने कहा है कि हर किसी के टोकने से अगर हमारे जीवन में ध्यान भंग होकर हम लोग निर्णय लेने लग जाते हैं तो हम लोग अपने जीवन को गलत दिशा में ले जा रहे हैं। खासकर युवाओं और मेहनत के साथ परीक्षा या किसी लक्ष्य की तैयारी करने वाले लोगों को इंगित करते हुए सुरेंद्र नामदेव ने कहा है कि आजकल यह देखने में आता है कि किसी के भी कहने पर युवा अपना ध्यान भंग करके उस विषय या जिद बहस में संलग्न हो जाते हैं, जो उनके किसी काम की नहीं होती और वे अपने जीवन के उपयोगी मूल लक्ष्य से धीरे-धीरे काफी दूर हो जाते हैं और फिर सपने-सपने ही रह जाते हैं। नामदेव ने इसका समाधान बताते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कम से कम केवल 6-7 व्यक्तिगत लोगों की सूची बनानी चाहिए, जिनकी बातों पर गंभीरता के साथ मनन करना आवश्यक हो। केवल उनके कहने से ही हमारे जीवन में कोई असर होना चाहिए। बाकी अगर राह चलते व्यक्तियों की बातों को लोग गंभीरता से लेकर अपनी शक्तियों को दूसरी दिशा में लगा देते हैं। कभी-कभी तो एक व्यक्ति के कमेंट से लोग जीवन भर नाराज तक बने रहते हैं तो ये मूर्खता के अलावा और कुछ नहीं। आजकल इसका सीधा सा असर देखा जा सकता है कि सबके पास विषयों और बातों की



अधिकता है क्योंकि इंसान सारा दिन सुनता है और फिर सूचनाओं के बोझ को लिए फिरता है। इसलिए हमें इससे बचना चाहिए। नामदेव ने कहा कि साधारण सा जीवन हर व्यक्ति को जीने का प्रयास करना चाहिए और जिम्मेदारियों की निर्वहन करते हुए परमात्मा पर यकीन जरूर रखना चाहिए। क्योंकि समय कुछ ही दिनों में बदल जाता है। नामदेव ने ज्योतिष को जीवन का मार्गदर्शक बताते हुए कहा कि जब व्यक्ति संकटों से घिरता है तब ज्योतिष की तरफ भागता है जबकि होना इसका उल्टा चाहिए। जब व्यक्ति सुखी हो और उसे लगता है कि किस दिशा में मेहनत करनी चाहिए, उस समय भी ज्योतिष उतना ही काम आता है, जितना संकट में। लेकिन संकट के समय में परिस्थितियों को बदलने में ज्यादा वक्त लग जाता है। उन्होंने कहा कि ध्यान, मेहनत और लगन के साथ कार्य करना का सीधा सा तरीका है कि प्रत्येक व्यक्ति की बातों को गंभीरता से लेना हमें बंद कर देना चाहिए।

## कोबरी-सार



## 100 बेबी किट वितरित



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** महावीर इंटरनेशनल नोखा केन्द्र द्वारा मातृत्व एवं शिशु संरक्षण वात्सल्य कार्यक्रम के अंतर्गत नोखा वीर व यूथ केंद्र द्वारा 100 बेबी किट राजकीय बागड़ी जिला चिकित्सालय नोखा में नवजात शिशुओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए भेंट किए गए। डिप्टी डायरेक्टर केंद्र एवं सदस्यता विकास वीर सीकरचंद पींचा ने बताया कि इस चिकित्सालय की मांग के अनुसार ये हाईजेनिक बेबी किट प्रति माह भेंट किये जाते हैं जो कि नवजात शिशुओं को संक्रामक रोगों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। महावीर इंटरनेशनल नोखा केन्द्र के चेयरमैन वीर सुरेन्द्र कुमार हीरावत ने बताया कि ये बेबी किट महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के सौजन्य से राजकीय बागड़ी जिला चिकित्सालय के प्रभारी डॉ सुनील बोथरा व प्रसूति वार्ड प्रभारी प्रज्ञा बारूपाल को भेंट किये गये। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह राठौड़, डॉ एम. पी तिवाड़ी, कोषाध्यक्ष रामेश्वरलाल छींपा, ईश्वरचंद दूगड़, भंवरलाल बुच्चा, कन्हैयालाल सुराणा, भंवरलाल छींपा, श्याम लाल सेवग, नर्सिंग कर्मी मीरा सारण सहित प्रसूति विभाग का स्टाफ व कर्मचारी आदि उपस्थित थे। बागड़ी जिला चिकित्सालय के प्रसूति विभाग की वार्ड इंचार्ज प्रज्ञा बारूपाल ने महावीर इंटरनेशनल के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## अप्रेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री प्रोग्राम के तहत प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** अंचल के विद्यार्थियों के लिए खुश खबर ये है कि अब वे उपखण्ड के सबसे बड़े राजकीय महाविद्यालय माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय, तारानगर में रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्राप्त कर सकेगें। जिसके लिए राज्य सरकार एवं आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान की पहल पर प्रदेश के चुनिन्दा महाविद्यालयों में रोजगारपरक कोर्स प्रारम्भ किये जा रहे हैं, जिसके क्रम में माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय, तारानगर में भी विभिन्न कोर्स शुरू किये जा रहे हैं जिससे विद्यार्थी अब स्नातक डिग्री के साथ ही कौशल आधारित परीक्षण प्राप्त कर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकेगें। यह अप्रेंटिसशिप एंबेडेड डिग्री प्रोग्राम के तहत संचालित तीन वर्षिय स्नातक डिग्री कोर्स है। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ सत्यवती बुडानिया ने बताया कि बीकॉम में बैंकिग फाइनेंशियल सर्विसेज एवं इंश्योरेंस बीएफएसआई कोर्स गत सत्र से महाविद्यालय में चल रहा है जिसमें विद्यार्थी ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस कोर्स के तहत विद्यार्थियों को डिग्री के साथ प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। महाविद्यालय में शुरू किये गये कोर्स में स्नातक डिग्री के साथ प्रशिक्षण लेने वाले विद्यार्थी महाविद्यालय में अध्ययन करने के पश्चात् अन्तिम वर्ष में औद्योगिक कम्पनियों में इन्टरर्नशिप करने पर शिक्षण के साथ-साथ 12300/- रूपए प्रतिमाह स्टाइपेंड प्राप्त करने के पात्र होंगे। यानि पढ़ाई पूरी होते होते विद्यार्थी के पास एक वर्ष का कम्पनी का अनुभव व रोजगार दोनों होगें। प्राचार्य ने बताया कि आने वाले समय में बीए कला संकाय में क्रिएटिव राइटिंग अंग्रेजी व बीएससी विज्ञान में हैल्थ केयर मैनेजमेंट जैसे रोजगारपरक कोर्स शुरू किये जायेगें। ये पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को कौशल विकास के साथ आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करेगें। एईडीपी नोडल प्रभारी प्रो. अंकिता चौधरी ने बताया कि यह कोर्स बाहरवीं पास विज्ञान, कला व वाणिज्य संकाय का कोई भी विद्यार्थी कर सकता है। यह कोर्स यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त है तथा इसकी फीस सामान्य पाठ्यक्रम जैसी है। किसी भी संकाय में प्रवेश लेने के पश्चात् भी विद्यार्थी इस कोर्स में आवेदन कर सकते हैं। इसमें आवेदन की अन्तिम 22 मई है। एईडीपी प्रभारी ने बताया कि राज्य सरकार एवं आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा की ओर से प्रारम्भ किये गये ये पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगें।

## महिला मंडल ने की गौ सवामणी



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** वट सावित्री व्रत अमावस्या के मौके पर नारमुखी मोहल्ले की महिला मंडल ने पं गणेश नारायण नेत भोमिया सुरभि गौशाला में श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ गौ सवामणी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर गौमाता को हरा चारा, गुड़ एवं अन्य सामग्री खिलाई तथा गौसेवा का संकल्प लिया। इस मौके पर महिला मंडल की सदस्यों ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति की पहचान है और इससे समाज में सेवा व संस्कारों की भावना मजबूत होती है। महिलाओं ने गौशाला में मौजूद गायों की सेवा करते हुए परिवार की सुख समृद्धि एवं अखंड सौभाग्य की कामना की। गौशाला अध्यक्ष हीरानन्द बुगालिया व समिति के सदस्यों ने महिला मंडल का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सेवा कार्यों से गौशाला को निरंतर सहयोग मिलता है। इस अवसर पर महिला मंडल की अनेक सदस्याएं एवं गोभक्त मौजूद रहे।

# बीएनआई आईएनसी का हुआ शानदार आगाज, देशभर से जुटे हजारों बिजनेस लीडर्स

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** बीएनआई आईएनसी (इंडिया नेशनल कॉफ्रेंस) 2026 के पहले दिन का आगाज भव्य उद्घाटन और शानदार कार्यक्रमों के साथ हुआ। शनिवार सुबह 10 बजे एक्सपो एरिया में प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। जिसके बाद देशभर से आए सदस्यों के लिए नेशनल चैप्टर मीट्स आयोजित हुई। देशभर से आए हजारों उद्यमियों, बिजनेस प्रोफेशनल्स और इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स ने इस मेगा नेटवर्किंग इवेंट में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रेरणादायक उद्घाटन समारोह और विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई। पहले दिन कई प्रमुख बिजनेस लीडर्स ने मंच से अपने अनुभव साझा किए और नेटवर्किंग की ताकत पर जोर दिया। कार्यक्रम में बिजनेस ग्रोथ, लीडरशिप, डिजिटल मार्केटिंग और स्टार्टअप इनोवेशन जैसे विषयों पर विशेष सेशंस आयोजित किए गए। इवेंट के दौरान प्रतिभागियों ने एक-दूसरे के साथ नए बिजनेस अवसरों पर चर्चा की और मजबूत प्रोफेशनल रिश्ते बनाए। आयोजन स्थल पर ऊर्जा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। बीएनआई जयपुर के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अक्षय गोयल ने बताया कि बीएनआई आईएनसी 2026 के पहले दिन की सबसे खास बात रही प्रतिभागियों के बीच हाई-एनर्जी नेटवर्किंग और नए सहयोगों की शुरुआत। आयोजकों के अनुसार आने वाले दिनों में और भी बड़े सेशंस, अवॉर्ड समारोह और विशेष गेस्ट स्पीकर्स कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। स्टॉल विजिट्स के दौरान प्रतिभागियों ने बिजनेस नेटवर्किंग और विभिन्न प्रदर्शनों का अवलोकन किया। इसके बाद मेन स्टेज पर उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ, जिसमें डेलीगेट्स वेलकम, दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। स्वागत प्रस्तुति ने माहौल को उत्साह और ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम के दौरान अवाड्र्स कैटेगरी 1 नेशनल टीम रिकॉगनेशन में विभिन्न राष्ट्रीय टीमों और सदस्यों को सम्मानित किया गया। इसके बाद की-नोट स्पीकर्स जेन लेन ने अपने संबोधन में नेतृत्व, टीमवर्क और नेटवर्किंग की शक्ति पर प्रकाश डाला। शाम के सत्र में स्पॉन्सर प्रेजेंटेशन, न्यू रीजन स्पॉन्सर एंड मेंबर अवाड्र्स तथा कोर वैल्यू अवाड्र्स आयोजित किए गए, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सदस्यों और क्षेत्रों को सम्मानित किया गया। संध्या में प्रसिद्ध गायिका मोनाली ठाकुर की संगीतमय प्रस्तुति के साथ पहले दिन का समापन शानदार माहौल में हुआ। बीएनआई आईएनसी 2026 का पहला दिन नेटवर्किंग, सम्मान और प्रेरणा से भरपूर रहा। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने इसे सीखने, जुड़ने और आगे बढ़ने का शानदार मंच बताया।

## अमावस्या पर गोविंद देवजी मंदिर में ठाकुर श्रीजी का हुआ पंचामृत अभिषेक

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री गोविंद देवजी मंदिर में ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या (देवपीतकायज्ञा) के अवसर पर शनिवार को विशेष धार्मिक आयोजन हुए। इस दौरान मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ठाकुर श्रीजी का पंचामृत अभिषेक किया गया तथा जल यात्रा झांकी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में मंगला झांकी के पश्चात ठाकुर श्रीजी का पंचामृत अभिषेक संपन्न हुआ। इसके बाद ठाकुरजी को अमावस्या के अवसर पर काले रंग की धोती-दुपट्टा पोशाक धारण कराई गई तथा पुष्पों से विशेष श्रृंगार एवं मुकुट सजाया गया। वहीं राजभोग झांकी में ठाकुर श्रीजी की आकर्षक जलयात्रा झांकी के दर्शन सुबह सवा 11 बजे से 11:45 बजे तक हुए। इस दौरान ठाकुर श्रीजी एवं राधा रानी के करकमलों में सोने की पिचकारी धारण कराई गई। गर्मी से राहत प्रदान करने के लिए ठाकुरजी को खरबूजा, तरबूज सहित विभिन्न ऋतु फल एवं सिकरान पूड़ी का भोग अर्पित किया गया। मंदिर प्रशासन ने बताया कि सायंकाल 7 बजे से मंदिर चौगान में ठाकुर श्रीजी के समक्ष अमावस्या की विशेष कीर्तन सेवा मंदिर परिकर जनों द्वारा प्रस्तुत किया गया। वहीं जलयात्रा उत्सव श्रृंखला के अंतर्गत कनक घाटी स्थित ठाकुर श्री नटवर जी मंदिर मातहत मंदिर श्री गोविंद देवजी में 24 मई को शाम 6 बजे से 6:30 बजे तक जल यात्रा झांकी के विशेष दर्शन होंगे। मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और भक्तों ने ठाकुरजी के दर्शनों के साथ धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## ग्रामीणों ने किया भामाशाहों का स्वागत



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** गोगामेड़ी बुचावास में ग्रामीणों द्वारा भामाशाह का स्वागत किया गया। भगत अर्जुन लाल सुथार जिनकी इच्छा थी कि गोगामेड़ी के आगे चौक एवं सड़क बने और मंदिर के नजदीक चबूतरा और पीपल के उपर से 11 हजार बिजली की लाइन थी जो पक्षी को नुकसान और पीपल का पेड़ जला रही थी वह हटाई जाए। गांव के लोगों द्वारा बिजली विभाग को अवगत करवाए जाने पर बिजली के तार बदल दिए गए, जिससे पीपल और पक्षी की रक्षा हुई। साथ ही शानदार चौक का निर्माण हुआ जिस पर ग्रामीणों जनों द्वारा चौक निर्माण करवाने में सहयोग करने वाले भामाशाहों का स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रभुराम गौड़, वीरेंद्र सिंह राजवी, अर्जुन लाल सुथार, बृजलाल सोनी, राजू चारण, भंवरलाल मेघवाल, खिवाराम प्रजापत, शिवकुमार पाड़िया, देवीलाल, राजेंद्र चितारा, बीरबल स्वामी, लोकपाल दुबे आदि ग्रामीण मौजूद थे।

## श्रद्धालुओं का जत्था चारधाम यात्रा के लिए रवाना



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मोती डूंगरी गणेश मंदिर से शनिवार सुबह चौहान परिवार मित्र मंडल की ओर से चारधाम यात्रा रवाना हुई। शनिवार सुबह 8 बजे श्रद्धालुओं का जत्था विधिवत पूजा-अर्चना के बाद बस द्वारा यात्रा के लिए निकला।

श्रद्धालु देश और प्रदेश में सुख-शांति, समृद्धि और अच्छे मानसून की कामना के साथ चारधाम यात्रा के लिए उत्साह के साथ रवाना हुए। यात्रा आयोजक दिनेश चौहान ने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश और प्रदेश में सकारात्मक वातावरण तथा खुशहाली की प्रार्थना करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश की परिस्थितियों को मजबूत बनाने तथा लोगों के जीवन में सुख-शांति बनी रहे, इसके लिए भगवान से विशेष अरदास लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालु गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में दर्शन करेंगे। दो सप्ताह तक चलने वाली यह यात्रा बस द्वारा आयोजित की गई है। यात्रा रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं ने मोती डूंगरी गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल नजर आया।

## नर्सिंग सेवा के उत्कृष्ट योगदान पर हेमराज गुप्ता सम्मानित

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस 2026 के अवसर पर अवर नर्स अवर फ्यूचर-एमपावर्ड नर्स सेव लाइफ थीम के अंतर्गत ट्रेंड नर्सेज एसोसिएशन ऑफइंडिया राजस्थान ब्रांच द्वारा महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज सभागार में राज्य स्तरीय एक्सीलेंस अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्यभर से आए नर्सिंग अधिकारियों एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कर्मयोगियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि टीएनएआई की नेशनल प्रेसिडेंट डॉ एनी कुमार रही। समारोह में प्रतिपक्ष नेता एवं पूर्व चिकित्सा मंत्री राजेंद्र सिंह राठौड़, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, राजस्थान राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, डॉ जोगिंदर शर्मा, जोइस कुरियान, डॉ एमएल स्वर्णकार, डॉ अचल गुलाटी तथा मेजर जनरल आलोक राज सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच राज्यभर से आए सेवाभावी नर्सिंग अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में सवाई मानसिंह चिकित्सालय जयपुर के सीनियर नर्सिंग ऑफिसर हेमराज गुप्ता को कैंसर रोगियों की सेवा में उत्कृष्ट योगदान, समर्पण एवं मानव सेवा के लिए स्टेट लेवल एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्मदिवस के अवसर पर प्रदान किया गया। समारोह में रामप्रसाद मीणा, ज्ञानचंद कुमावत, हेमेंद्र पांडे, अब्दुल रब नकवी, बलदेव सिंह चौधरी सहित विभिन्न जिलों के नर्सिंग अधिकारियों, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित कर्मचारियों एवं नर्सिंग क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठजनों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन समता सोनी एवं सुभाष जांगिड़ ने किया। समारोह में प्रदेश अध्यक्ष श्याम सिंह, नरेश शर्मा, रोशन यादव, बैने सिंह, बृजमोहन कौशिक सहित अनेक नर्सिंग अधिकारी, ट्यूटर एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## दिल को छू रहा आजा सजना मेरे ख्वाबों के अंगना

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रोमांस-मधुर संगीत और खूबसूरत लोकेशन्स से सजा नया गीत आजा सजना मेरे ख्वाबों के अंगना रिलीज होते ही संगीत प्रेमियों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। आश्विन महाराज द्वारा प्रस्तुत इस रोमांटिक गीत में प्यार और अपनापन के भावों को बेहद खूबसूरती से पर्दे पर उतारा गया है। गीत में फिटरी कुसनैनी और रोनक चटर्जी की शानदार केमिस्ट्री दर्शकों को आकर्षित कर रही है। दोनों कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुति ने गीत को और भी खास बना दिया है। गीत को मधुर आवाज दी है शंकर दास ने जबकि संगीत और बोल सतीश त्रिपाठी ने तैयार किए हैं। निर्देशन की कमान स्वयं आश्विन महाराज ने संभाली है। गाने की कोरियोग्राफी आनंद भकुनी ने की है जबकि सिनेमैटोग्राफी अगुस पांडे द्वारा की गई है। बाली के खूबसूरत लोकेशन्स और आकर्षक विजुअल्स गीत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का लुक देते हैं। गीत की शूटिंग कोर्टयार्ड बाय मैरियट रिजॉर्ट में की गई है, जिसने इसके दृश्यांकन को और भी भव्य बना दिया है। आजा सजना मेरे ख्वाबों के अंगना महाराजा म्यूजीक के बैनर तले रिलीज हो चुका है।

## राजस्थान बनेगा देश का अगला बड़ा इवेंट हब : हितेंद्र शर्मा

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** फेडरेशन ऑफ राजस्थान इवेंट मैनेजर्स फोरम की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आमेर रोड स्थित एक होटल में आयोजित किया गया। समारोह में पूर्व अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष हितेंद्र शर्मा को कार्यभार सौंपा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व मोहन भट्ट रहे। उनके साथ सुप्रसिद्ध संगीतकार सलिल भट्ट भी मौजूद रहे। इस अवसर पर विश्व मोहन भट्ट ने कहा कि इवेंट इंडस्ट्री अब केवल आयोजनों तक सीमित नहीं रही बल्कि यह कला, संस्कृति, पर्यटन और लोगों को जोड़ने का सशक्त माध्यम बन चुकी है। नई कार्यकारिणी में अजय चौहान और विनीत जैन ने उपाध्यक्ष, भुवनेश अग्रवाल ने महासचिव, कुलदीप सिंह ने कोषाध्यक्ष तथा सुनील विजयवर्गीय, यश माहेश्वरी, रोहित अजमेरा और अक्षत पुरोहित ने कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शपथ ली। समारोह में पूर्व अध्यक्ष महावीर प्रताप शर्मा, हरप्रीत बग्गा और इवेंट गुरु अरशद हुसैन सहित इवेंट, होटल, ट्रैवल और वेडिंग इंडस्ट्री से जुड़े कई लोग मौजूद रहे। इस दौरान इंटरनेशनल वेडिंग एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव एवं इवेंटस्थान के आयोजन की भी घोषणा की गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष हितेंद्र शर्मा ने कहा कि फोरम राजस्थान की इवेंट इंडस्ट्री को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने के लिए कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में वेडिंग डेकोर, कैटरिंग, लोक कलाकारों और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं लेकिन बड़े और लग्जरी आयोजनों में अभी भी दिल्ली और मुंबई की कंपनियों का दबदबा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि फोरम का उद्देश्य स्थानीय इवेंट प्रोफेशनल्स को बेहतर मंच और नए अवसर उपलब्ध कराना है ताकि राजस्थान आने वाले वर्षों में केवल रॉयल वेडिंग डेस्टिनेशन ही नहीं बल्कि देश का प्रमुख इवेंट हब बन सके।

## ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर 18 से

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड एवं शिक्षा विभाग झुंझुनू के तत्वावधान में बालक बालिकाओं एवं महिलाओं को कौशल की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने हेतु ग्रीष्मकालीन अभिरुचि कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 18 मई से 16 जून तक जेके मोदी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रोड नंबर 2 झुंझुनू में आयोजित किया जाएगा। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि अभिरुचि शिविर में सिलाई, नृत्य, पेंटिंग, रंगोली, ब्यूटी पार्लर, स्पोकन इंग्लिश, वाद्य यंत्र, गीत संगीत, मेहंदी, कंप्यूटर, आर्ट एंड क्राफ्ट जैसे महत्वपूर्ण उपयोगी विषयों का प्रशिक्षण दक्ष प्रशिक्षक द्वारा प्रदान किया जाएगा। शिविर प्रतिदिन प्रात 7:30 बजे से 11:30 बजे तक संचालित होगा जिसमें मनोरंजन हेतु किम गेम, वाईड गेम, गर्म आलू, पूछ उखाड़, पुसी बिल्ली, बोरा कूद, क्रिकेट, म्यूजिकल चेयर, जलेबी खाओ, पापड़ खाओ जैसे आयोजन भी किए जाएंगे। शिविर के दौरान शिविरार्थियों को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, योग व्यायाम एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। शिविर में किसी भी विद्यालय, महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं महिलाएं भी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। शिविर समाप्ति पर सभी को कार्य दक्षता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। शिविर में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र जेके मोदी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय झुंझुनू अथवा मोरारका कॉलेज के पास स्थित स्काउट गाइड कार्यालय झुंझुनू से कार्यालय समय में प्राप्त किए जा सकते हैं।

# अमावस्या पर लिया गौ सेवा का संकल्प



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री श्याम गौसेवा परिवार समिति द्वारा अमावस्या तिथि पर मासिक गौसेवा कार्यक्रम श्रद्धा और सेवा भाव के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान गौ भक्तों ने गायों को हरा व सूखा चारा, गुड़ और खल खिलाकर गौ सेवा की। इस कार्यक्रम के तहत सुबह 7:30 बजे गौभक्त श्री चारभुजा नाथ गौशाला पहुंचे, जहां गायों के लिए चारे एवं अन्य सामग्री का वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार टेलर ने बताया कि हर माह अमावस्या पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में इस बार भी सैकड़ों गौ भक्तों ने भाग लिया। इस अवसर पर गौशाला संचालकों तथा समिति के जयपुर जिला प्रभारी रमेश चंद्र मेवाड़ा और कन्हैयालाल लुगरिया का दुपट्टा एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। समिति के उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने बताया कि जिन गौशालाओं में सहायता की आवश्यकता थी, वहां हरे और सूखे चारे की गाड़ियां भेजी गईं। साथ ही गायों के पीने के पानी के लिए टंकी लगाने और पक्षियों के लिए परिंडे लगाने की भी पहल की गई। गणेश नारायण बैरवा ने बताया कि समिति द्वारा हर माह की तरह इस बार भी अनाथ आश्रमों और निशक्तजनों के लिए नि:शुल्क भोजन व्यवस्था की गई, जिसमें करीब 200 लोगों को भोजन वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में समिति के सचिव हनुमान सहाय लुगरिया सहित विष्णु शर्मा, सुनील कुमावत, भंवरलाल बैरवा, अरविंद टेलर, संजय कुमार मीणा, अशोक प्रजापत, सुरेंद्र बैरवा, रामफूल बैरवा, कन्हैयालाल शर्मा, अरुण शर्मा, किशोर लाल बैरवा, राशिद, मेघराज और विजेंद्र सहित सैकड़ों गौ भक्त मौजूद रहे। गौ भक्तों ने अपने हाथों से गायों को चारा और गुड़ खिलाकर सेवा कार्य किया तथा समाज में गौ संरक्षण और परोपकार का संदेश दिया।

# अभिरुचि एवं समाजसेवा शिविर कल से

महेन्द्र खडोलिया

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीमाधोपुर में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अभिरुचि शिविर एवं समाजसेवा शिविर का आयोजन 18 मई से 1 जून तक प्रात: 7:30 से 10:30 बजे तक किया जाएगा। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ मधु चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि अभिरुचि शिविर पीएमश्री योजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। इस गतिविधि में योग, प्रणायाम, आउटडोर, इनडोर खेल, संगीत, नृत्य, चित्रकला, नाटक, मेंहदी, पोस्टर निर्माण, हस्तकला, स्थानीय कला जैसे मूर्ति निर्माण, मिटी के बर्तन बनाने जैसी गतिविधियां करवाई जाएगी। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में सीखने के कौशल को रोचक, गतिविधि आधारित एवं अनुभवात्मक तरीके से विकसित करना है। इस शिविर में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी भाग लेंगे। शिविर के माध्यम से बच्चों की रुचियों, रचनात्मकता एवं विभिन्न कौशलों का विकास किया जाएगा तथा विद्यालय को आनंददायी शिक्षण केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही समाजसेवा शिविर का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें कक्षा 12 में अध्ययनरत विद्यार्थी शामिल होंगे। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भाव, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, जनजागरूकता रैली आदि गतिविधियाँ आयोजित कराई जाएंगी। डॉ मधु चौधरी ने बताया कि दोनों शिविरों के माध्यम से विद्यार्थी न केवल शैक्षणिक बल्कि व्यावहारिक एवं सामाजिक रूप से भी सशक्त बनेंगे। इसमें कक्षा 10 व 12 की अतिरिक्त कक्षाओं की भी व्यवस्था की गई है। विद्यालय परिवार ने सभी अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे अपने बच्चों को इन शिविरों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रोत्साहित करें।

# कार्यक्रम आज

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जे बी शाह गर्ल्स पीजी कॉलेज, झुंझुनू में रविवार सुबह 10 बजे राजस्थानी भाषा पर समूह चर्चा आयोजन का कार्यक्रम किया जाएगा। महाविद्यालय सचिव राजकुमार मोरवाल के निर्देशन में राजस्थानी भाषा के सम्मान और अधिकार को आठवी अनुसूची में शामिल करने की मांग व सुप्रीम कॉर्ट के आदेश का सम्मान करने हेतु राजस्थानी भाषा पर समूह चर्चा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें शहर के शिक्षाविद् और साहित्यकार शामिल होंगे तथा महाविद्यालय स्टॉफ भी उपस्थित रहेगा।

# नव-निर्मित सीसी सड़क का लोकार्पण समारोह आज

**बुगाला ( नवयत्न )।** जाखल कस्बे के जाखल-नवलगढ़ मार्ग पर निर्मित नई सीसी सड़क का लोकार्पण समारोह रविवार सायं सवा 5 बजे मुख्य बाजार में आयोजित किया जाएगा। नत्थू सिंह खेदड़ ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल होंगे। गौरतलब है कि जाखल-नवलगढ़ मार्ग पर बरसात के दिनों में पानी भर जाने से आवागमन बाधित हो जाता था, जिससे आमजन एवं व्यापारियों को लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्रवासियों द्वारा इस सड़क निर्माण की मांग लगातार उठाई जा रही थी। नव-निर्मित सीसी सड़क के बनने से अब मार्ग पर जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी तथा आमजन को सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी।

# राव झुंझुनू कृषि आदान समिति के तीसरी बार बने अध्यक्ष

हर्ष सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** झुंझुनू के निजी रेस्टोरेंट में झुंझुनू कृषि आदान समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में कार्यकारिणी के चुनाव प्रक्रिया में सर्व सहमति से सुरेंद्र सिंह राव को तीसरी बार अध्यक्ष नियुक्त किया। इस अवसर पर सर्व सहमति से कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया। कार्यकारिणी में संरक्षक सहीराम झुंझुनू, संरक्षक हीरा सिंह झुंझुनू, संरक्षक प्रेम प्रकाश सुलताना, उपाध्यक्ष रणवीर नवलगढ़, सचिव अनिल कुमार खीचड़, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार झुंझुनू, सहसचिव संदीप पूनिया, उपाध्यक्ष धीरज शर्मा चिड़ावा, प्रवक्ता भूराराम लालपुरिया व मूलचंद खारिटा, सदस्य रणसिंह यादव, सुधीर मुहाल, अजीत कुमार चनाना, शिवकुमार बुहाना, सुरेश सैनी मंडेला, नवीन काजला, न्यूम धनूरी, राकेश बोरान सुलताना, अनिल भाटीवाड़, प्रतीक मंड्रेला, महेंद्र परसमपुरा को सदस्य बनाया गया है। इस अवसर पर सभी की सहमति से जिले की सभी तहसीलों पर तहसील अध्यक्षों की भी नियुक्ति की गई जिसमें तहसील अध्यक्ष झुंझुनू से करनीराम, चिड़ावा से अनिल कुमार, खेतड़ी से छगन सिंह, बुहाना से सतीश कुमार, नवलगढ़ से किशोर महन, उदयपुरवाटी से महावीर सिंह, सूरजगढ़ से मनोज कुमार, पिलानी से नरेंद्र सिंह, मंडावा से सुरेश ढाका, मलसीसर से सुनील कुमार, बिसाऊ से प्रमोद कालेर, गुढ़ा से नरेंद्र सिंह इनको तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया है। कार्यकारणी के सभी पदाधिकारियों ने मौजूदा समय में खाद कंपनियों द्वारा फर्टिलाइजर के साथ विभिन्न प्रकार की अटैचमेंट दवाइयां खाद जबरदस्ती दी जा रही है। इसका खुलकर विरोध किया गया तथा सरकार द्वारा इंस्पेक्टर राज को दुकानदारों पर जबरदस्ती थोपने के विरोध में एकजुट होकर आंदोलन की रूपरेखा बनाई। खाद कंपनियों द्वारा अलग से किराया वसूल करने ट्रेड मार्जिन बढ़ाने नमूना फेल होने पर डीलर को गवाह बनाने आदि पर विचार विमर्श किया गया। मीटिंग में जिले के सैकड़ो कृषि आदान विक्रेता शामिल हुए।

# पेयजल की समस्या से ग्रामीण परेशान

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी कस्बे में भीषण गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन कर नियमित रूप से पेयजल सप्लाई करने की मांग की है। इस दौरान ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन दिया।

एडवोकेट विजेंद्र सैनी ने बताया कि वार्ड नंबर 21 एसडीएम कोर्ट के सामने स्थित कॉलोनी में सीवरेज लाइन के साथ पानी सप्लाई की लाइन डालने के पश्चात पानी की आपूर्ति बहुत ही कम मात्रा में हो गई है। पीने की पानी की भारी किल्लत होने के कारण कस्बे वासियों ने प्रदर्शन किया व अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया। मुकेश सैनी ने बताया कि पानी की सप्लाई पिछले कुछ दिनों से अनियमित व कम मात्रा में हो रही है, जिसके चलते घर में हाथ धोने के लिए भी पानी नहीं है। पेयजल की नियमित सप्लाई नहीं होने से मजबूरन हफ्ते में दो बार पानी का टैंकर डलवाना पड़ता है। जिसकी कीमत एक बार में 600 रूपये आती है। पेयजल की समस्या को लेकर जब जलदाय कर्मचारी को अवगत कराया जाता है तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता है। उन्होंने बताया कि पेयजल की समस्या के चलते आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जल्द नियमित रूप से सप्लाई नहीं की गई तो जलदाय विभाग के कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर एडवोकेट विजेंद्र सैनी, विजेश चेजारा, मुकेश सैनी, बुधराम, रोशन लाल कुमावत, भरत सैनी, रोहिताश, मुकेश देवी, प्रेमलता, ममता, किरणा देवी, सुमन, चंद्रकला आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं ने की बड़ी अमावस्या के दिन वट वृक्ष की पूजा



श्रवण सारस्वत

**रींगस ( नवयत्न )।** हिन्दू धर्म में बड़ अमावस्या जिसे वट सावित्री अमावस्या भी कहा जाता है, इसका अत्यंत धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। यह व्रत मुख्य रूप से सुहागिन महिलाओं द्वारा पति की लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए रखा जाता है। सुनीता शर्मा ने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार ज्येष्ठ अमावस्या के दिन ही देवी सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस पाए थे। उनकी अमर प्रेम कहानी और निष्ठा के प्रतीक के रूप में इस दिन वट वृक्ष की पूजा की जाती है। वट के पेड़ को अत्यंत पवित्र माना जाता है। वही पंडित जीतू शर्मा ने बताया कि बरगद में त्रिदेव यानी ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों का वास होता है। इस दिन महिलाएं बरगद के पेड़ के नीचे बैठकर पूजा करती हैं और पेड़ के चारों ओर कच्चा सूत कलावा लपेटकर 7 परिक्रमा करती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अमावस्या का दिन पितरों की मुक्ति और तर्पण के लिए भी श्रेष्ठ माना जाता है। इस दिन स्नान और दान करने से पुण्य फलों की प्राप्ति होती है। वट वृक्ष अपनी लंबी आयु के लिए जाना जाता है, इसलिए कामना की जाती है कि साधिका का सुहाग भी उसी वृक्ष की तरह अचल रहे।

# पृथ्वीराज चौहान जयंती समारोह आयोजित



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखड़ के गाडराटा स्थित सुंदर दास मंदिर परिसर में शनिवार को पृथ्वीराज चौहान की जयंती समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करणी सेना जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह फौजी थे जबकि अध्यक्षता राजेश सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह फौजी ने कहा कि महापुरुषों ने त्याग एवं बलिदान से शौर्य की गाथा लिखी थी। आज भी महापुरुषों के जीवन में अनेक प्रकार के उदाहरण उनके बलिदान और त्याग के देखने को मिल जाएंगे।

मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महापुरुषों ने देश को आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा दी थी। ऐसे महापुरुषों को याद करके युवाओं को उनके शौर्य से अवगत कराना चाहिए। वहीं युवाओं को भी हमारे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों पर चलने का चाहिए। भारत की आजादी में सुभाष चंद्र बोस, महाराणा प्रताप, शिवाजी राव, रानी लक्ष्मीबाई, शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद सहित अनेक महापुरुषो ने अहम भूमिका निभाई। जिन्होंने देश के नागरिकों को बेहतर जीवन देने के लिए अपने जीवन का बलिदान दे दिया था। इस दौरान युवाओं ने पृथ्वीराज चौहान अमर रहे का नारा लगाते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। इस दौरान युवाओं से उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

इस मौके पर सुमेर सिंह, श्रवण सिंह, टींकू सिंह, पूर्ण सिंह, पवन सिंह, रामवीर सिंह, रविन्द्र सिंह, मदन सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# शहीद मदनसिंह गुर्जर की मूर्ति का अनावरण आज

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** बेसरडा गांव के शहीद मदनसिंह गुर्जर की मूर्ति अनावरण रविवार सुबह सवा दस बजे किया जायेगा। शहीद के भाई हंसराज गुर्जर ने बताया कि शहीद मदनसिंह गुर्जर की मूर्ति का अनावरण रविवार को बेसरडा गांव में किया जाएगा। मूर्ति अनावरण समारोह में जवाहर सिंह बेढ़म गृह राज्य मंत्री, खेतड़ी विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर, प्रेमसिंह बाजौर अध्यक्ष सैनिक कल्याण बोर्ड, डॉ जितेन्द्र सिंह पूर्व उर्जा मंत्री, हर्षिनी कुल्हरी जिलाध्यक्ष भाजपा झुंझुनू, हंसराज पटेल विधायक कोटपूतली, जोगिन्द्र सिंह अवाना पूर्व अध्यक्ष देवनारायण बोर्ड, सुरेन्द्र हेमसिंह भडाना, कर्नल सुरेश कुमार जांगिड़ जिला सैनिक अधिकारी झुन्झुनू, ब्रिगेडियर रामनिवास गुर्जर भाग लेंगे।

# पक्षियों के लिए लगाए परिण्डे



महेन्द्र खडोलिया

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, स्काउट और एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। प्रभारी मांगीलाल कुमावत ने बताया कि महाविद्यालय सचिव ऊषा खर्रा, प्राचार्य डॉ विरेन्द्र यादव के सानिध्य में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए तथा स्काउट, एनसीसी कैडेट्स और स्वयंसेवकों को परिंडे की देखभाल व जिम्मेदारी सौंपी। अलग-अलग दल बनाकर रोज दाना पानी डालने की जिम्मेदारी सौंपी। द्वितीय सत्र में महाविद्यालय सचिव ने स्वयंसेवकों को सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे आने के लिए प्रेरणा दी। इस अवसर पर महाविद्यालय उपप्राचार्य विजेंद्र कुमार पूनिया, श्याम सामोता, प्रमोद कुमार वर्मा, राकेश कुमार शर्मा, शिव प्रसाद यादव, धर्मपाल बिजारणिया, एएनओ सुरेश कुमार, प्रदीप शर्मा, ममता यादव, सुमित्रा आदि उपस्थित रहे।

# राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा के चुनाव संपन्न



महेन्द्र खडोलिया

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा श्रीमाधोपुर, जिला नीमकाथाना वार्षिक चुनाव सीडीपीओ कार्यालय पंचायत समिति के सभागार, श्रीमाधोपुर में संपन्न हुए। जिसमें शंकर लाल खोखर अध्यक्ष व शिवराज सिंह शेखावत मंत्री बने। ब्लॉक कार्यकारिणी के चुनाव में मुख्य चुनाव अधिकारी विक्रम प्रकाश शुक्ला प्रधानाचार्य, पर्यवेक्षक नागरमल गढ़वाल कार्यकारी जिला अध्यक्ष रहे। इनके सानिध्य में चुनाव संपादित हुआ एवं नवनियुक्त कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें शिशुपाल सिंह बिजारणिया संघर्ष समिति संयोजक, मनोहर सिंह शेखावत एवं झाबरमल सैनी उपसभा अध्यक्ष, शिवराज सिंह शेखावत, प्रहलाद मल सैनी, प्रकाश सैनी, अमित सिंह शेखावत उपाध्यक्ष, सत्यनारायण कुमावत माध्यमिक शिक्षा प्रतिनिधि, मुरलीधर भावरिया, राजकरण सिंह बिजारणिया एवं बाबूलाल सैनी सरंक्षक, कल्याण सिंह उच्च माध्यमिक शिक्षा प्रतिनिधि, आरती एवं सरोज यादव महिला संयुक्त मंत्री, राजेंद्र प्रसाद सैनी संयुक्त मंत्री, बलविंदर सिंह कोषाध्यक्ष, जगमाल सिंह जीतरवाल, दिनेश कुमार, रामकरण सेठी, रणवीर सिंह महरिया, सुनीता महला, शिवलाल सिंह समोता, कार्यकारिणी सदस्य चुने गए और कई शिक्षक जिसमें राजेश धायल, पीयूष शर्मा अन्य कई शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

# भूमि विकास बैंक के संचालक मंडल में सदस्य नियुक्त

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** भूमि विकास बैंक के संचालक मंडल की गणपूर्ति एवं मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एक मुश्त समझौता योजना 2025-26 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संचालक मंडल के रिक्त पदों को उसी वर्ग के सदस्यों से अधिनियम की धारा 274 के तहत भरा गया है। भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष कैलाश चंद शर्मा ने बताया कि सुमित्रा देवी पत्नी विजयपाल चिरानियाँ अनुसूचित जाति वर्ग निवासी भैरूपुरा, पूनम पुजारी पुत्री पवन कुमार पुजारी निवासी लक्ष्मणगढ़ महिला वर्ग, पवन कुमार शर्मा पुत्र रामेश्वर शर्मा निवासी मलिकपुर सामान्य वर्ग, महेंद्र सिंह सुंडा पुत्र रिछपाल सिंह सामान्य वर्ग निवासी कूदन को संचालक मंडल का सदस्य मनोनीत किया गया है।

# हनुमान गढ़ी मंदिर में चोरी की वारदात, ताला तोड़कर नकदी पार

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** कस्बे के ऐतिहासिक हनुमान गढ़ी मंदिर में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। चोर मुख्य गेट का ताला तोड़कर नकदी चुरा ले गए। मामले को लेकर पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। पुजारी सुनील शर्मा ने बताया कि वह खाना खाने के लिए मंदिर के ताला लगाकर घर गए थे। जब वह शाम को मंदिर में पहुंचे तो उन्हें ताले टूटे हुए मिले, जिस पर उन्होंने आसपास के लोगों को बताया और पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मंदिर में पहुंचने लग गए व चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने की। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस थाने में दी जिस पर खेतड़ी थानाधिकारी मोहनलाल मय जाब्ता मंदिर पहुंचे व जाच पड़ताल शुरु की। वही थोड़ी देर में ही खेतड़ी डिप्टी जुल्फिकार अली भी मय जाब्ता मौके पर पहुंच गए व लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में चोर एक के बाद एक वारदात को अंजाम दे रहे हैं। पहले सूने मकानों को निशाना बनाया जाता था, अब मंदिर भी चोरों के निशाने बने हुए है। खेतड़ी क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है। थानाधिकारी ने बताया कि चोरी की वारदात की सूचना पर घटना का मौका मुआयना किया गया है। मामले को लेकर संदिग्ध लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान पुलिस ने चोरों को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने पुलिस पर प्रभावी गश्त करने व आरोपियों को पकड़ने की मांग की। इस मौके पर कैलाश स्वामी, रामावतार वर्मा, दीपक भार्गव, विमल सैनी, अनिल सैनी, मुरारी सोनी, मोतीलाल, अमीलाल आदि मौजूद रहे।

# न्यायिक अधिकारियों के स्थानांतरण पर बार एसोसिएशन ने किया सम्मान

महेन्द्र खडोलिया



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमाधोपुर गीता पाठक का स्थानांतरण लालसोट व अतिरिक्त मुख्य मजिस्ट्रेट क्रम संख्या 1 अनूप कुमार का स्थानांतरण भादरा हो जाने पर बार एसोसिएशन श्रीमाधोपुर ने शनिवार को दोनों न्यायिक अधिकारियों का सम्मान किया। बार के प्रेस सचिव एडवोकेट राजेंद्र शर्मा ने बताया कि बार एसोसिएशन श्रीमाधोपुर की ओर से दोनों अधिकारियों का राजस्थानी साफा, गुलदस्ता, माला व दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। इस दौरान बार अध्यक्ष एडवोकेट श्रवण कुमार यादव ने अधिकारियों की कार्य शैली की प्रशंसा की तथा भविष्य में पदोन्नत होकर सीकर जिले के न्याय क्षेत्र में पद स्थापित होकर मार्गदर्शन किये जाने की मंशा जाहिर की। इस मौके पर बार उपाध्यक्ष सुरेश लांबा, महासचिव धर्मेंद्र सामोता, संयुक्त सचिव अली मोहम्मद, कार्यकारिणी सदस्य रघुनाथ सिंह, शंकर लाल सैनी, विकास कुमार वर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता बनवारी लाल कुड़ी, रामप्रताप सिंह धीवा, किशनलाल शर्मा, राजेंद्र जाखड़, अनिल यादव सहित काफी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्थानांतरित अधिकारियों ने बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्तागण का इस मान-सम्मान के लिए आभार जताया।

## सम्पादकीय

# पेट्रोल-डीजल से रसोई तक पड़ेगा असर

### ईरान-अमेरिका तनाव के बीच महंगाई का नया संकट

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच इस बात की आशंका पहले से जताई जा रही थी कि तेल और गैस की कमी की वजह से आने वाले दिनों में जरूरी वस्तुओं की महंगाई बढ़नी तय है। खासतौर पर रसोई गैस की किल्लत की वजह से आम लोगों के सामने कैसी परिस्थितियां पैदा हुई हैं, यह सब जानते हैं। इस दौरान देश में ईंधन, बिजली और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल की वजह से थोक महंगाई दर अप्रैल में 8.3 फीसद दर्ज की गई, जो मार्च में 3.88 फीसद थी। साफ है कि घरेलू बाजार पर अब अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का असर पड़ना शुरू हो चुका है। हालांकि कुछ समय पहले वाणिज्यिक गैस सिलेंडर और विमानन टर्बाइन ईंधन के दाम में खासी बढ़ोतरी की गई थी, लेकिन उसके असर का दायरा कुछ हद तक सीमित था। अब पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफे का मोर्चा जिस तरह खुला है, उससे साफ है कि अगर ईरान और अमेरिका के बीच टकराव के साए में तेल की आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रही, तो इसका असर जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित करेगा। गौरतलब है कि तेल कंपनियों की ओर से शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। वहीं सीएनजी की कीमत में भी दो रुपए प्रति किलोग्राम का इजाफा किया गया।

जाहिर है, ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद वैश्विक स्तर पर ऊर्जा कीमतों में जिस तरह की तेजी आई है, अब तेल कंपनियां आम उपभोक्ताओं पर भी उसका बोझ सीधे डालना शुरू कर चुकी हैं। यों जब ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया था और दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के तेलशोधन केंद्रों और ठिकानों पर मिसाइल दागे गए, तभी से यह साफ था कि इसका असर दुनिया भर में होने वाली तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ेगा और नतीजतन सभी क्षेत्रों में महंगाई बढ़ेगी। खासतौर पर उन देशों में ज्यादा मुश्किल पैदा हो सकती है, जहां तेल और गैस की आपूर्ति को सहज बनाए रखने के विकल्प सीमित हैं। दरअसल, होर्मुज जलमार्ग से दुनिया भर में लगभग बीस से पच्चीस फीसद तेल और गैस की आपूर्ति होती है और इसी वजह से इसके बाधित होने के प्रभाव का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। स्वाभाविक रूप से भारत में भी तेल और गैस की कमी पैदा हुई। हालांकि अमेरिका की ओर से लगाई गई शर्तों के बीच भारत ने रास्ता निकालने की कोशिश की थी, लेकिन अब युद्ध से उपजी जटिलता जैसे-जैसे लंबी खिंचती जा रही है, वैसे-वैसे विकल्प भी सिमटते जा रहे हैं। यह छिपा नहीं है कि डीजल के दाम में बढ़ोतरी के साथ ही माल ढुलाई की कीमत बढ़ती है और उसकी वजह से सभी जरूरी उपभोक्ता वस्तुओं की महंगाई में बढ़ोतरी होती है। यानी फिलहाल डीजल के दाम तीन रुपए बढ़े हैं, लेकिन ईरान और अमेरिका के रुख के असर में वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट के जो हालात बने हुए हैं, उसमें यह कहना मुश्किल है कि तेल के दाम में वृद्धि यहीं रुक जाएगी।

ऐसी स्थिति में अगर खाने-पीने से लेकर जरूरत की हर चीज की कीमतें बेलगाम हुईं, तो यह एक स्वाभाविक परिणति होगी। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव की वजह से उपजे ऊर्जा संकट में जरूरत इस बात की है कि सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल और गैस की उपलब्धता वाले देशों के साथ कूटनीतिक संवाद स्थापित करे और देश में गहराती मुश्किल को कम करने के लिए पहलकदमी करे।

## विशेष आलेख

# प्रदूषण, बाजार और बदलती आदतों के बीच पर्यावरण संकट, जिम्मेदारी सिर्फ आम लोगों की नहीं

आज हम ऐसे दौर में हैं जहां पर्यावरणीय संकटों की फेहरिस्त लंबी होती जा रही है। मौसम का मिजाज बिगड़ रहा है। शहरों की हवा जहरीली हो चुकी है। नदियां कचरे और रासायनिक गंदगी का बोझ ढो रही हैं। कचरे के पहाड़ हमारे ही मोहल्लों की सरहद पर उग आए हैं और रोजमर्रा की जिंदगी में भी इस दबाव की आहट साफ सुनाई दे रही है। यह सब दूर के भविष्य की चेतावनी नहीं, यह अब हमारा वर्तमान है।




गौर करें तो पाएंगे कि प्रकृति और संसाधन के साथ जो हमारा संबंध था, वह पूरी तरह बदल गया है। हमारी आदतें बदल गई हैं। प्रकृति के साथ हमारे रिश्ते बदलने के कई कारण हैं। विकास का वैश्विक मॉडल, आर्थिक नीतियां, बाजारवाद, वर्तमान शहर नियोजन और डिजिटल एल्गोरिद्म एक साथ मिल कर हमारी आदतें बदल रहे हैं। मगर व्यवस्था में बदलाव को नजरअंदाज कर अच्छी आदतों के साथ पर्यावरण संरक्षण का सारा बोझ आम लोगों के कंधों पर डालने की परिपाटी है। हर व्यक्ति अपनी कुछ आदतें बदलें, तभी पर्यावरणीय संकट से निजात मिल सकती है। बत्ती बंद कीजिए, पानी बचाइए, कचरा अलग कीजिए, कपड़े सोच-समझ कर खरीदिए, कार की जगह बस और मेट्रो का इस्तेमाल कीजिए इत्यादि। जैसे लगता है कि मौजूदा संकट केवल आम लोगों की आदतों का ही परिणाम हो। हम ऐसे समय में जी रहे हैं जहां ज्यादातर बड़े संकट जैसे प्रदूषण, वैश्विक ताप इत्यादि के मूल में पिछले कई दशकों से अपनाई गई व्यवस्था है। मगर सरलीकरण का आलम यह है कि अंगुली सबसे पहले आम लोगों की आदतों पर उठती है। जलवायु परिवर्तन से लेकर पानी, ऊर्जा और कचरे के सवाल तक, सार्वजनिक विमर्श में अक्सर यह संदेश गूंजता है कि अगर आम लोग थोड़ी 'अच्छी आदतें' अपना लें, तो हालात बदल सकते हैं। नल बंद रखिए, प्लास्टिक थैला छोड़िए, साइकिल चलाइए, ये सब जरूरी बातें हैं। मगर जब पूरा ध्यान यहीं केंद्रित हो जाता है, तो असली वजह धुंधली होने लगती है। व्यवस्थाजनित संकटों का समाधान केवल व्यक्तिगत संयम में खोजना एक तरह से जिम्मेदारी के बड़े हिस्से को अदृश्य कर देना भी है।

पानी का सवाल उठाइए, तो चर्चा अक्सर हमारे स्नानागार और रसोई से शुरू होती है। सलाह दी जाती है कि ब्रश करते समय नल न बहने दें, बाल्टी से नहाएं, पाइप से गाड़ी न धोएं। इन सबका महत्त्व कम नहीं है, लेकिन वैश्विक और राष्ट्रीय स्तर पर जल-उपयोग का सबसे बड़ा हिस्सा खेती, उद्योग और शहरी आपूर्ति व्यवस्था में खपता है, जबकि घरेलू उपयोग उसका छोटा अंश है। खेतों तक जाने वाली नहरों में यदि जगह-जगह रिसाव हों, शहरों की पाइपलाइनें वर्षों से मरम्मत के बिना पानी बहाती रहें और उद्योग अपना गंदा पानी बिना शोधन के नदियों में छोड़ते रहें, तो अकेले घरों का अनुशासन कुल तस्वीर को कितना ही बदल पाएगा। फिर भी जागरूकता अभियानों में दिखाई देता है- टपकता नल और ब्रश करता बच्चा, न कि रिसाव वाली नहर या अंधेरे में चुपचाप नदी की ओर बहता फैक्टरी का नाला। ऊर्जा मामले में भी यही कहानी दोहराई जाती है। सवाल है कि ऊर्जा-उपभोग और उत्सर्जन की सबसे बड़ी मांग कहां से आ रही है। भारी उद्योग, सीमेंट, इस्पात और रसायन उद्योग, डेटा सेंटर, विमानन तथा मालवाहक जहाज, ये सारे क्षेत्र मिल कर ऊर्जा की बहुत बड़ी हिस्सेदारी निगलते हैं, जबकि घरेलू स्तर की बचत का दायरा संरचनात्मक सहयोग के बिना सीमित रह जाता है। उपभोग के मोर्चे पर हम सब एक खालिस उपभोक्ता बनते जा रहे हैं। बाजार व्यवस्था की भूमिका सबसे महत्त्वपूर्ण है। बाजार में उपलब्ध अधिकतर उत्पाद इस तरह डिजाइन किए जाते हैं कि उनकी उम्र सीमित रहे। मरम्मत कठिन या महंगी हो और उपभोक्ता कुछ ही वर्षों में नया सामान लेने को प्रेरित हो जाए। मोबाइल फोन और टीवी से लेकर घरेलू उपकरणों तक यह प्रवृत्ति अब औद्योगिक मॉडल का हिस्सा बन चुकी है।

उपभोक्ताओं से कहा जाता है कि कम खरीदिए, सोच-समझ कर खरीदिए, लेकिन जब दुकान में टिकाऊ और मरम्मत-योग्य विकल्प लगभग नदारद हों तथा सस्ते वही सामान हों जो जल्दी टूटने के लिए बनाए गए हों, तो जिम्मेदार उपभोग की नैतिकता भी अपने आप में अधूरी हो जाती है। 'इस्तेमाल करो और फेंको' की व्यवस्था ने हमारी प्रकृति सम्मत आदतों की जमीन ही बदल दी। बोतलबंद पानी से लेकर सुविधाजनक पैकेजिंग और तेज वितरण ने जीवन को निस्संदेह आसान बनाया, पर बदले में प्लास्टिक, थर्मोकोल और ई-कचरे के पहाड़ खड़े कर दिए। ऑनलाइन बाजारों ने एक कदम और आगे बढ़ कर प्रचार-रणनीतियों से हमारी इच्छाओं का नक्शा तक अपने हाथों में ले लिया है। 'केवल आज की विशेष छूट' और 'बस दो पीस बचे हैं' जैसी तरकीबें यह सुनिश्चित करती हैं कि जरूरत और चाहत के बीच की रेखा लगातार धुंधली होती जाए।

नए शहरों के नियोजन में भी इसी तरह का विरोधाभास दिखाई देता है। सार्वजनिक अपील यह होती है कि लोग निजी वाहन कम चलाएं, बस और मेट्रो का उपयोग करें। आसपास जाने के लिए साइकिल चलाएं और पैदल चलें। मगर जैसे-जैसे शहरों का विस्तार हुआ है, नई आबादी ज्यादातर उन इलाकों में बसाई गई हैं जहां न भरोसेमंद बस सेवा है, न मेट्रो और न साइकिल पथ। ऐसी स्थिति में निजी वाहन विकल्प नहीं, मजबूरी बन जाता है। आर्थिक रूप से सक्षम वर्ग इस मजबूरी को कार और दोपहिया से संभाल लेता है। जो नहीं संभाल पाते वे रोजमर्रा की यात्रा में समय और सुरक्षा दोनों की ऊंची कीमत चुकाते हैं। बाद में यही लोग भीड़ और प्रदूषण बढ़ाने वाले नागरिकों की श्रेणी में रख दिए जाते हैं, जबकि शहर की मौलिक योजना और परिवहन नीति पर सवाल अपेक्षाकृत कम ही उठते हैं।

डिजिटल दौर में 'फुटप्रिंट' की भाषा, चाहे वह कार्बन की हो या डेटा की, तेजी से लोकप्रिय हुई है। ऐप बताने लगते हैं कि आपकी हर उड़ान, हर भोजन, हर खरीदारी से कितनी अतिरिक्त मात्रा में उत्सर्जन जुड़ रहा है। यह जानकारी उपयोगी है, क्योंकि वह हमारी रोजमर्रा की आदतों को देखने की एक नई दृष्टि देती है, लेकिन जब पूरा नैतिक दायरा केवल व्यक्ति तक सिमट जाता है, तो उत्पादन प्रणालियों, ऊर्जा स्रोतों, व्यापार नियमों और नियामक ढांचों की भूमिका छिप जाती है। सामने दिखता रहता है- केवल गैर-जिम्मेदार उपभोक्ता। यह कहना बिल्कुल उचित नहीं होगा कि व्यक्ति की जिम्मेदारी शून्य है। हर किसी के पास कुछ न कुछ विकल्प होते हैं और हमें अपने हिस्से की जिम्मेदारी से मुंह नहीं मोड़ना चाहिए। निजी जीवन में संयम, संसाधनों का सम्मान, पुनः उपयोग, मरम्मत और साझा उपयोग जैसी आदतें न केवल प्रतीकात्मक हैं, बल्कि व्यावहारिक भी हैं। संकट मौजूदा आर्थिक व्यवस्था और विकास के प्रारूप के हैं, तो समाधान भी व्यवस्था के स्तर पर ही निकलेंगे, हालांकि उनकी शुरुआत व्यक्ति से होकर ही गुजरती है। जरूरत उस संतुलित दृष्टि की है जिसमें हम न तो सारी उम्मीद 'ऊपर की शक्तियों' पर छोड़ दें, न ही पूरा नैतिक बोझ केवल आम नागरिकों पर डाल दें। जब व्यक्तिगत नैतिकता और व्यवस्थागत बदलाव एक-दूसरे के पूरक की तरह देखे जाएं, तभी यह उम्मीद की जा सकती है कि हमारी सामूहिक शक्ति सचमुच उस दिशा में काम करेगी जहां पृथ्वी, समाज और भविष्य, तीनों के हित एक साथ बचाए जा सकें।

## आज का राशिफल

### मेष
दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### वृष
स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### मिथुन
भूले-बिसरे साथी तथा आगंतुकों के स्वागत तथा सम्मान पर व्यय होगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा।

### कर्क
घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी।

### सिंह
पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

### कन्या
यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा।

### तुला
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

### वृश्चिक
नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा।

### धनु
किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

### मकर
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है।

### कुंभ
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें।

### मीन
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# पानी की बोतल पर लाखों जानलेवा बैक्टीरिया, गंभीर बीमारियों को देते हैं बुलावा

कोविड के बाद से हम सभी साफ-सफाई को लेकर अधिक जागरुक हो गए हैं। फिर चाहे बात बार-बार हाथ साफ करने की हो या बाहर से आए फल, सब्जी और खाने आदि की हो। इनको सैनेटाइज करने के बाद ही उपयोग में लाया जाता है। बेशक कोरोना महामारी के बाद शुरू हुई हमारी यह आदत हमें खतरनाक बैक्टीरिया और वायरस से बचाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके बाद भी आप सेफ नहीं है। बार-बार इस्तेमाल की जाने वाली पानी की बोतल में एक टॉयलेट सीट से अधिक गंदगी होती है।

पानी की बोतल में टॉयलेट सीट के मुकाबले 40 हजार गुना ज्यादा बैक्टीरिया पाए जाते हैं। यह बैक्टीरिया सीधे आपकी सेहत पर वार करते हैं। यह बैक्टीरिया हिडेन होते हैं। जो दिखाई नहीं देते। लेकिन यह हमारी सेहत पर गहरा असर छोड़ जातेहैं। जिसके कारण कई बार हम भयंकर तरीके से बीमार हो जाते हैं।



### दो तरह के बैक्टीरिया

दोबारा उपयोग में लाई जाने वाली पानी की बोतल के सभी पार्ट्स का तीन बार निरीक्षण यानी कि टेस्ट किया गया। इस टेस्ट में पाया गया कि पानी की बोतल में ग्राम निगेटिव रॉड और बैसिलस बैक्टीरिया होते हैं। यह बैक्टीरिया सूक्ष्म होने के कारण हमें आसानी से नजर नहीं आते हैं। इन्हीं बैक्टीरिया के कारण गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं का कारण बनते हैं।

### खतरनाक हैं ये बैक्टीरिया

ग्राम नेगेटिव बैक्टीरिया निमोनिया और सर्जिकल साइट इंफेक्शन का मुख्य कारण होते हैं। यह बैक्टीरिया ग्राम पॉजीटिव बैक्टीरिया की अपेक्षा अधिक खतरनाक होते हैं। इनके जरिए कई तरह के इंफेक्शन बढ़ने की संभावना होती है। बता दें कि यह बैक्टीरिया इतना ज्यादा खतरनाक होते हैं कि यह एंटीबायोटिक के असर को भी आसानी से खत्म कर सकते हैं। यह बैक्टीरिया पेट से जुड़ी समस्याओं के लिए भी जिम्मेदार होते हैं। इनके कारण ही पेट दर्द, इंफेक्शन और फूड पॉइजनिंग आदि की समस्याएं हो सकती हैं।

### बैक्टीरिया का घर

पानी की बोतल के अलावा भी यह बैक्टीरिया लैपटॉप, रिमोट, मोबाइल, सिंक और टीवी आदि पर भी पाए जाते हैं। जब पानी की बोतल से तुलना अन्य घरेलू चीजों से की तो इसका रिजल्ट काफी चौकाने वाला रहा। पानी की बोतल से दोगुना बैक्टीरिया सिंक, कंप्यूटर माउस से 4 गुना और पालतू पेट्स के पीने के कटोरे से 14 गुना ज्यादा बैक्टीरिया निकले। इसलिए इन चीजों को छूने के बाद हाथों को अच्छे से धोना चाहिए। इस रिसर्च के सामने आने के बाद एक्सपर्ट्स ने सलाह दी है कि पानी की बोतल को कम से कम एक बार साबुन की मदद से अच्छे से धोना चाहिए। खासतौर पर बीमारी के समय या मुंह लगाकर पानी पीने के दौरान इनकी साफ-सफाई का अधिक ध्यान रखना चाहिए।

# ड्राई चेहरे को सॉफ्ट बनाने के लिए लगाएं ओट्स और छाछ से बना फेशियल क्लींजर, स्किन में आएगा निखार

पूरे दिन काम के बाद जब आप घर लौटते हैं, तो आपको पता चलता है कि आपके स्किन की चमक खत्म हो गई है और चेहरा डल हो गया है। इसके अलावा, बाहरी प्रदूषण, खराब पर्यावरण और केमिकल प्रोडक्ट्स भी हमारे स्किन से नैचुरल ग्लो छीन लेते हैं। केमिकल्स और प्रदूषण की वजह से स्किन में कई तरह प्रॉब्लम जैसे स्किन पोर्स का बंद होना, दाने और कील-मुंहासे की समस्या भी होने लगती है। इन सब समस्याओं का समाधान पाने के लिए आप होम मेड फेशियल का यूज कर सकते हैं। होम फेशियल बनानो के लिए आपको चाहिए ओटमील और बटर मिल्क। इससे बने फेशियल को प्रॉपर तरीके से यूज करने पर आपके चेहरे पर निखार तो आता ही है, साथ ही खूबसूरत और जवां भी नजर आते हैं।



### कैसे बनाएं क्लींजर

होम मेड फेशियल क्लींजर के लिए आपको चाहिए दो-दो चम्मच ओट्स और बटर मिल्क। अब दोनों को अच्छी तरह आपस में मिक्स कर लें। मिक्स करके एक कंसीस्टेंट मिश्रण तैयार कर लें। इस मिश्रण को स्टोर करके न रखें। इससे मिश्रण खराब हो सकता है। अब फ्रेश सामग्री का ही इस्तेमाल करें।

### कैसे अप्लाई करें

ब्रश की मदद से और चेहरे और गर्दन के आसपास मिश्रण को अप्लाई करें। जब मिश्रण चेहरे और गर्दन पर लग जाए, तो इसके बाद चेहरे को सर्कुलर मोशन में स्क्रब करें। करीब 15 मिनट तक चेहरे को अच्छी तरह स्क्रब कर लें। इसके बाद फेस और गर्दन को सादे पानी से धो लें। आप चाहें, तो फेस वॉश के लिए ठंडे पानी का भी यूज कर सकते हैं। अब तौलिए की मदद से थपथपाते हुए फेस को पोंछ लें। अच्छे रिजल्ट के लिए आप इस मिश्रण को सप्ताह में एक बार जरूर अप्लाई करें।

### स्किन मॉइस्चराइजड होती है

ओटमील में प्रोटीन होता है, जिस वजह से यह स्किन और बॉडी के लिए बहुत ही हेल्पफुल क्लींजर साबित होता है। इसके अलावा, ओटमील में विटामिन ई भी पाया जाता है, जो कि स्किन को हेल्दी रखने का काम भी करता है।

### स्किन की समस्या कम होती है

ओटमील और बटर मिल्क के इस्तेमाल की वजह से स्किन की समस्या भी कम होती है। खासकर, अगर किसी को ड्राइनेस की वजह से खुजली की परेशानी होती है, तो उसमें भी कमी आती है। अगर आपको ड्राईनेस के कारण इचिंग होती है, तो आप इस पैक का इस्तेमाल सप्ताह में दो बार कर सकते हैं।

### स्किन को प्रोटेक्ट करता है

ओटमील और बटर मिल्क स्किन की यूवी रेज और बाहरी टॉक्सिक चीजों से बचाव करते हैं। इसका मतलब है कि लगातार काम करने और एन्वायरमेंट की वजह से जो डलनेस चेहरे पर आती है, इसके इस्तेमाल से उसमें कमी होती है।

### स्किन सूदिंग होती है

बटरमिल्क और ओटमील में सूदिंग कंपाउंड होते हैं। जब आप इसका फेशियल क्लींजर के रूप में इस्तेमाल करते हैं, तो इससे चेहरे को ठंडक मिलती है, जिससे स्किन रिलैक्सड होती है और लंबे समय तक जवां बनी रहती है।

# सर्वाइकल के दर्द से परेशान हैं तो रोज इन तेलों से करें मालिश

सर्वाइकल स्पोंडिलोसिस की समस्या आजकल बहुत आम हो गई है। इस बीमारी में रीढ़ की हड्डी और इससे जुड़ी मांसपेशियों में जकड़न आ जाती है। आमतौर पर सर्वाइकल की समस्या लंबे समय तक एक ही पोजीशन में बैठे या लेटे रहने के कारण होती है। सर्वाइकल के कारण गर्दन के निचले हिस्से और सिर में तेज दर्द होता है। यह दर्द कंधे से लेकर हाथ और कमर तक भी फैल सकता है। कई बार यह दर्द इतना अधिक बढ़ जाता है कि गर्दन हिलाने तक में परेशानी होती है। ऐसे में ज्यादातर लोग सर्वाइकल के दर्द से आराम पाने के लिए पेन किलर का सहारा लेते हैं।



**जैतून का तेल :** जैतून के तेल से मालिश करने से सर्वाइकल के दर्द की समस्या दूर हो सकती है। जैतून का तेल मांसपेशियों में सूजन और ऐंठन की समस्या को दूर करने में मददगार है। अगर आप सर्वाइकल के दर्द से परेशान हैं, तो जैतून के तेल को गुनगुना करके प्रभावित हिस्से पर लगाएं।

**अरंडी का तेल :** कैस्टर ऑयल यानी अरंडी का तेल भी बहुत लाभकारी है। कैस्टर ऑयल से मालिश करने से मांसपेशियां और हड्डियां मजबूत बनती हैं। तेल वात दोष को भी संतुलित करने में मदद करता है।

**नीलगिरी का तेल :** नीलगिरी के तेल में एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो दर्द और सूजन को दूर करने में बहुत लाभकारी हैं। नीलगिरी के तेल से मालिश करने से ब्लड सर्कुलेशन में भी सुधार होता है और मांसपेशियों को आराम मिलता है।

**तिल का तेल :** सर्वाइकल के दर्द को दूर करने में तिल का तेल आपके बेहद काम आ सकता है। इसके लिए आप तिल के तेल को हल्का गर्म करके प्रभावित हिस्से की मालिश करें। इससे दर्द और सूजन से जल्द राहत मिल सकती है।

# नशीला पेय पिलाकर बनाया अश्लील वीडियो

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में एक युवती को प्रेमजाल में फंसाकर उसका यौन और मानसिक शोषण करने वाले शातिर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पहले युवती को नशीला पेय पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर तीन वर्षों तक उसका देहशोषण करता रहा। पुलिस के अनुसार नवंबर 2023 में पीड़िता की मुलाकात आरोपी युवक से हुई थी। आरोपी ने दोस्ती बढ़ाकर युवती का विश्वास जीता और धीरे-धीरे उसके करीब आ गया। कुछ समय बाद आरोपी ने अपने जन्मदिन की पार्टी के बहाने युवती को शहर के एक होटल में बुलाया। वहां उसने धोखे से युवती को नशीला पेय पिलाया और बेहोशी की हालत में उसके साथ दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना लिया। होश में आने पर पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने वीडियो सोशल मीडिया और इंटरनेट पर वायरल करने की धमकी दी। बदनामी और लोकलाज के डर से युवती लंबे समय तक चुप रही। इस दौरान आरोपी लगातार उसे ब्लैकमेल कर शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर करता रहा। पीड़िता ने जब मानसिक तनाव और प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या की बात कही तो आरोपी ने उससे शादी करने का झूठा वादा किया। आरोपी लगातार युवती को भरोसा दिलाता रहा कि वह उससे विवाह करेगा। बाद में जब पीड़िता ने शादी की कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ाने का दबाव बनाया तो आरोपी अचानक घर छोड़कर फरार हो गया। संदेह होने पर पीड़िता ने आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई, तब पता चला कि वह पहले से शादीशुदा है और लंबे समय से उसे धोखे में रख रहा था। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया। एफआईआर के बाद आरोपी लगातार अपने ठिकाने और पहचान बदलकर पुलिस से बचने का प्रयास कर रहा था। शनिवार को स्थानीय पुलिस को आरोपी के एक गुप्त ठिकाने पर छिपे होने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने तुरंत घेराबंदी कर दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले में आगे की जांच जारी है।

## फर्नीचर फैक्ट्री में लगी भीषण आग

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शिवदासपुरा थाना इलाके में शनिवार सुबह एक फर्नीचर फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी विकराल थी कि दमकल विभाग को फैक्ट्री के बाहरी हिस्से की दीवार तोड़ने के लिए जेसीबी की मदद लेनी पड़ी। करीब 10 दमकल गाड़ियों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। सीतापुरा फायर स्टेशन की फायर ऑफिसर ऊषा शर्मा ने बताया कि जगतपुरा के रामचंद्रपुरा विधानी स्थित रामचंद्र मोतीलाल नाम की फर्नीचर फैक्ट्री में शनिवार सुबह करीब सवा दस बजे जैसे ही फैक्ट्री खुली, उसके कुछ ही देर बाद अचानक चिंगारियां उठने लगी। देखते ही देखते आग ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। गनीमत यह रही कि आग भड़कते ही अंदर मौजूद सभी कर्मचारी और श्रमिक तुरंत बाहर भाग निकले, जिससे एक बड़ा जनहानि का हादसा टल गया। फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में सूखी लकड़ी और तैयार फर्नीचर होने के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया और आसमान में धुएं का गुबार छा गया।

सूचना मिलते ही सीतापुरा फायर स्टेशन से दमकलों को रवाना किया गया। आग बुझाने के रास्ते में आ रही रुकावट को दूर करने के लिए मौके पर जेसीबी बुलाई गई और फैक्ट्री की बाहरी दीवार को ढहाया गया। इसके बाद फायरकर्मियों ने अंदर प्रवेश किया। आग की भयावहता को देखते हुए एक के बाद एक करीब 10 दमकल गाड़ियों को मोर्चे पर लगाया गया। कई गाड़ियों ने पानी रिफिल कराकर एक से दो फेरे लगाए। करीब 2 घंटे की भारी मशक्कत के बाद आखिरकार आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

## दुपहिया वाहन चोरी करने वाला चोर और खरीदार गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** कालवाड़ थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी की वारदातों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मुख्य वाहन चोर और चोरी की बाइक खरीदकर ठिकाने लगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 10 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि कालवाड़ थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले मुख्य आरोपी राहुल मीणा निवासी जोबनेर जिला जयपुर और सुरेश कुमार भौचल्या निवासी रेनवाल जिला जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर चोरी की 10 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी राहुल मीणा मास्टर चाबी की मदद से बाजारों और सुनसान स्थानों से चंद सेकंड में बाइक चोरी कर लेता था। इसके बाद वह चोरी की बाइकें सुरेश कुमार भौचल्या को सस्ते दामों में बेच देता था। सुरेश कुमार भौचल्या इन वाहनों को चाकसू और नांगल सिरस क्षेत्र के जंगलों व सुनसान स्थानों पर छुपाकर रखता था ताकि बाद में उन्हें खपाया जा सके। पुलिस अब आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। अधिकारियों को उम्मीद है कि पूछताछ में जयपुर शहर और आसपास के क्षेत्रों में हुई कई अन्य वाहन चोरियों के मामलों का भी खुलासा हो सकता है।

## दिनदहाड़े सूने मकान में हाथ साफ करने वाला शातिर नकबजन गिरफ्तार



**जयपुर ( नवयत्न )।** नाहरगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दिनदहाड़े सूने मकान में हाथ साफ करने वाले एक शातिर नकबजन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई पूरी रकम भी बरामद कर ली है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि नाहरगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दिनदहाड़े सूने मकान में चोरी करने वाले एक शातिर नबकजन इब्राहिम को गिरफ्तार किया है। आरोपित मूल रूप से नाहरी का नाका शास्त्रीनगर जयपुर का रहने वाला है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दिन के समय रिहायशी इलाकों में घूमकर सुनसान और सूने मकानों की रेकी करता है और मौका मिलते ही चंद मिनटों में वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाता है। थानाधिकारी दशरथ ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी इब्राहिम आदतन अपराधी और शातिर नकबजन है। उसके खिलाफ पूर्व में भी जयपुर के विभिन्न थानों विशेषकर शास्त्री नगर में चोरी, आरपीजीओ और एनडीपीएस एक्ट के तहत करीब 5 से 6 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अब आरोपी से शहर में हुई अन्य चोरियों के संबंध में गहनता से पूछताछ कर रही है, जिससे कई अन्य वारदातों के खुलासे होने की पूरी संभावना है।

# भाजपा जिला कार्यकारणी की बैठक आयोजित

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भाजपा जिला कार्यकारणी की बैठक जिलाध्यक्ष हर्षनी कुल्हरी की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री वीरपाल सिंह ने आगामी 19 से 20 मई तक आयोजित जिला स्तर पर होने वाले पं. दीनदयाल प्रशिक्षण महाभियान को लेकर सभी तैयारियों के विषय में कार्यकर्ताओं को दायित्व दिया साथ ही बताया कि प्रशिक्षण महाभियान में मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, जिला कार्यकारिणी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, विधायक एवं विधायक प्रत्याशी भाग लेंगे साथ ही यह आवासीय रहेगा। जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुल्हरी ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए प्रशिक्षण को सफल बनाने का आह्वाहन किया साथ ही मन की बात को लेकर मंडलवार कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गई। अभियान के जिला सह संयोजक विकास लोटिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण एक प्रकार से पार्टी की रीति नीति विचार परिवार को समझने के साथ आत्ममंथन का है इसलिए सभी इसमें भाग लेवें। बैठक के अंत में भाजपा जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया। जिला बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजय चाहर, जिला उपाध्यक्ष पूनम गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष अनिता जांगिड़, जिला मंत्री मंजू सैनी, जिला मंत्री निखिल शर्मा, जिला मंत्री सुनीता स्वामी, जिला मंत्री सुरेन्द्र रसगनिया, जिला मंत्री सुशील कुमार, आईटी प्रभारी सौरभ सोनी, प्रकोष्ठ संयोजक जयप्रकाश, जिला प्रवक्ता संजय मोरवाल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जयसिंह माठ, ओबीसी संयोजक डॉ बी एल वर्मा, लोहार्गल ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष किशन गुर्जर, मंडावा मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, कोलिंडा मण्डल अध्यक्ष मुकेश दूत, मलसीसर मण्डल अध्यक्ष अमित व्यास, अलसीसर मण्डल अध्यक्ष अजय रांगेरा, भारू मंडल अध्यक्ष विकास ईशरवाल, सूरजगढ़ शहर मडल अध्यक्ष कृष्ण सैनी, पचेरी ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष कृष्ण गुर्जर, कुहाड़वास मण्डल अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, सुलताना ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजकुमार



जांगिड़, बगड़ शहर मंडल अध्यक्ष सुदर्शन चोमाल, झुंझुनू ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बहादुरमल स्वामी, सूरजगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा, लाखू ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रमोद डेला उपस्थित रहे।

# पर्यवेक्षक मीणा ने करवाई 100 प्रतिशत स्व-गणना, जिला कलेक्टर ने किया सम्मानित

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्र के जनगणना पर्यवेक्षक धर्म सिंह मीणा ने अपनी उत्कृष्ट कार्यकुशलता और कुशल नेतृत्व की बदौलत पूरे चूरू जिले में एक अनूठा कीर्तिमान स्थापित किया है। जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के तहत उन्होंने अपने क्षेत्र के प्रगणकों और आमजन को प्रेरित कर पूरे सर्किल में 100 प्रतिशत स्व-गणना कार्य सफलतापूर्वक संपन्न करवाया है। पूरे चूरू जिले में मीणा एकमात्र ऐसे पर्यवेक्षक हैं, जिन्होंने यह शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है। इस असाधारण और अनुकरणीय उपलब्धि के लिए चूरू जिला कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अभिषेक सुराणा द्वारा उन्हें विशेष प्रशंसा-पत्र सौंपकर सम्मानित किया गया और उनके कार्य की जमकर सराहना की गई।

मीणा ने बताया कि आवंटित हाउस लिस्टिंग ब्लॉक संख्या 263, 264, 265, 266, 267 और 268 के अंतर्गत आने वाले परिवारों को उन्होंने अपने सहयोगी प्रगणक घनश्याम खिलेरी, विकास कुमार, लिखमाराम मेघवाल, मोहित कुमार सैनी, रूघाराम और सांवरमल प्रजापत के सहयोग से स्व-गणना के प्रति लोगों को जागरूक किया। उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से प्रभावित होकर क्षेत्र के सभी परिवारों ने समय-सीमा समाप्त होने से पहले ही अपनी शत-प्रतिशत




स्व-गणना का कार्य पूरा कर लिया। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने प्रशंसा-पत्र में मीणा की कर्तव्यनिष्ठा और कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्य जनगणना के प्रति उनकी गहरी निष्ठा और कर्मठता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने जनगणना कार्य से जुड़े अन्य समस्त अधिकारियों और कार्मिकों के उत्साहवर्धन हेतु एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# बंदूक की नोंक पर 50 लाख की फिरौती मांगने वाले दो बदमाश चढ़े हत्थे

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सांगानेर थाना पुलिस ने एक युवक का अपहरण कर एक करोड़ रुपए की भारी-भरकम फिरौती मांगने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो बदमाशों को दबोचा है। वही इस कार्रवाई में दो आरोपी स्कॉर्पियों छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने स्कॉर्पियों जब्त कर फरार दोनों अपहरणकर्ताओं की तलाश शुरु कर दी है। डीसीपी ईस्ट रंजीता शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रियकांत मीणा उर्फ गोलू निवासी सदर दौसा और जसमीत सिंह बग्गा निवासी कोतवाली सवाई माधोपुर के रूप में हुई है। वहीं इस मामले में शामिल दो अन्य मुख्य आरोपी दिलखुश मीणा और आशीष उर्फ बंटी फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीमें अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व ने बताया कि पीड़ित युवक ने सांगानेर थाने में 13 मई को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 13 मई की शाम वह अपने दोस्त से मिलने मालवीय नगर जा रहा था। जब मैं प्रभुदयाल मार्ग पर पहुंचा। तभी पीछे से एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो आकर रुकी। गाड़ी से 4-5 लड़के नीचे उतरे, उन्होंने आते ही मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी और जबरन खींचकर स्कॉर्पियो के अंदर डाल दिया। गाड़ी में बैठते ही उन्होंने पीड़ित कि आंखों पर पट्टी बांध दी ताकि वो रास्ता न देख सके। गाड़ी के भीतर बदमाशों ने उसका फोन छीन लिया और फिरौती के लिए दबाव बनाने लगे। एक बदमाश ने चिल्लाकर कहा, इसका फोन दूसरी गाड़ी में दे दो, वहां चेक कर लेंगे। इसके बाद उन्होंने एक करोड़ रुपए की डिमांड की। जब युवक ने मना किया तो बदमाशों ने बेल्ट से उसकी बेरहमी से पिटाई की। तभी दूसरे बदमाश ने 50 लाख रुपए का इंतजाम करने को कहा और पैसे नहीं मंगवाने पर बंदूक जान से मारने की धमकी दी। बदमाश युवक को बंधक बनाकर शहर से बाहर ले जाने की फिराक में थे लेकिन इसी बीच पुलिस की गश्ती गाड़ी चेतक को पीछे आता देख किडनैपर्स के होश उड़ गए। पुलिस को पीछे देखकर बदमाश घबरा गए। पकड़े जाने के डर से बदमाश युवक को चोटिल हालत में स्कॉर्पियो सहित सड़क पर ही छोड़कर गलियों के रास्ते फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज होने के महज कुछ ही दिनों के भीतर तकनीकी सर्विलांस और मुखबिरों की मदद से दो आरोपियों को दबोच लिया। फिलहाल पुलिस आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि इस गैंग ने पहले भी ऐसी कितनी वारदातों को अंजाम दिया है।

## जागरूकता शिविर आयोजित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के आयुष योग एवं प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी विभाग की ओर से हृदय रोग जागरूकता शिविर एवं नि:शुल्क उच्च रक्तचाप स्क्रीनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कायचिकित्सा विभागाध्यक्ष प्रो. एचएमएल मीणा ने किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो संजीव शर्मा ने कहा कि उच्च रक्तचाप आज हृदयाघात, स्ट्रोक और किडनी रोग जैसी गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। उन्होंने तनाव मुक्त जीवनशैली, संतुलित आहार, नियमित योग और समय पर स्वास्थ्य जांच को आवश्यक बताया। प्रो आरके जोशी ने जानकारी दी कि संस्थान की नई ओपीडी सुश्रुत भवन के कक्ष नंबर-3 में प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी ओपीडी सप्ताह में छह दिन संचालित की जा रही है, जहां रोगियों को जांचए परामर्श और योग-प्राणायाम की जानकारी दी जाती है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को डॉ दीप्ति बिष्ट द्वारा बेसिक लाइफसपोर्ट और सीपीआर का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस दौरान प्रो. उदय राज, प्रो. शरद पोर्ट, डॉ अभिषेक उपाध्याय, डॉ रोहित कुमार सहित चिकित्सक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# नन्दियों के लिए लापसी सवामणी बनाकर खिलाई



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा नगरपालिका द्वारा निर्मित व निराश्रित गोवंश सेवा समिति द्वारा संचालित रायसर रोड पर स्थित नन्दीशाला नोखा में ज्येष्ठ मास की शनि अमावस्या के पुनीत अवसर पर नन्दीशाला नोखा में आज लापसी की सवामणी बनाकर नन्दियों को खिलाई गई। समिति अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि इस अवसर पर 61 सवामणी का सहयोग नन्दियों के लिये अलग-अलग दानदाताओं द्वारा किया गया। नन्दीसेवकों द्वारा हरि सब्जियां व गुड़ नन्दियों को खिलाया गया। अधिक मास की शनि अमावस्या के पावन अवसर पर नन्दीग्रास मासिक योजना के अंतर्गत भी अलग-अलग भामाशाहों द्वारा सहयोग प्राप्त हुआ व चम्पालाल किशोर कुमार चाण्डक परिवार द्वारा चुग्गा नन्दीशाला में पक्षियों के लिए डलवाया गया व देवाराम कुलरिया परिवार द्वारा चारा डलवाया गया व हरि सब्जियां डलवाई गई। इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह राठौड़, जयकिशन बागड़ी, अंकित तोषनीवाल, मूलचन्द तिवाड़ी, राजेश स्वामी, ओमप्रकाश पारीक, दिनेश हिंदुस्तानी, डॉ पूनम, विजय बिहाणी, नारायण लोहिया, गणेश सोनी, राजू रांका, कपिल गौड़ व मातृ शक्ति और नन्दी सेवक उपस्थित रहे।

## दुपहिया वाहन चुराने वाले दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर ( नवयत्न )।** मालपुरा गेट थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले गिरोह पर कार्रवाई करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितो की निशानदेही पर चोरी की तीन मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त रंजीता शर्मा ने बताया कि मालपुरा गेट थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले शातिर वाहन चोर अमन उर्फ अमन बीड़ी निवासी रामसिंहपुरा तथा मोहम्मद शरीफ निवासी सवाई माधोपुर हाल मालपुरा गेट जयपुर को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी अमन बीड़ी आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ प्रताप नगर, सांगानेर, शिप्रापथ और मालपुरा गेट थानों में चोरी सहित अन्य



मामलों के पांच प्रकरण दर्ज हैं। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शहर के सुनसान इलाकों और बाजारों में रैकी कर मास्टर चाबी से दोपहिया वाहन चोरी करते थे। बाद में चोरी की बाइकें सस्ते दामों में बेचने या खुद मौज-मस्ती के लिए इस्तेमाल करते थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और पुलिस पूछताछ में शहर में हुई अन्य वाहन चोरी की वारदातों का भी खुलासा हो सकता है।

## ग्राम रथ अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**तारानगर ( नवयत्न )।** पंचायत समिति तारानगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत मिखाला में भजनलाल सरकार द्वारा चलायी जा रहा ग्राम रथ अभियान के अंतर्गत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीणों को राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर सुरजगढ़ पूर्व विधायक सुभाष पूनिया ने कहा कि गांव विकास की धुरी होते हैं और गांवों के विकास से ही प्रदेश एवं देश का समग्र विकास संभव है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में सड़क, पेयजल, शिक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। विधायक ने बताया कि क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या पेयजल की थी लेकिन भाजपा सरकार ने यमुना का पानी क्षेत्र तक पहुंचाने के लिए भागीरथ प्रयास किए और इस योजना को धरातल पर उतारने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है तथा सरकार गांव, गरीब, किसान और युवाओं के उत्थान के लिए लगातार योजनाएं संचालित कर रही है। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र राठौड़ के योगदान का भी उल्लेख किया गया। विधायक ने कहा कि उनके प्रयासों से पंचायत समिति तारानगर में अनेक नई पंचायतों का गठन हुआ तथा विधानसभा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य करवाए गए, जिनका लाभ आमजन को मिल रहा है। विकास अधिकारी छगनलाल छिम्पा ने ग्राम स्तर पर संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। वहीं प्रगति प्रसार अधिकारी अंकित चारण ने बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा गरीबी उन्मूलन, स्वरोजगार, सामाजिक सुरक्षा एवं जनकल्याण की अनेक योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू कर आमजन के जीवन स्तर में सुधार लाने का कार्य किया गया है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला झुंझुनू अध्यक्ष सुरेन्द्र भाटिया ने बताया की भाजपा सरकार में कृषक कल्याण की अनेक योजनाओं से किसान के जीवन में सुधार किये है। इस अवसर पर ग्राम रथ प्रभारी श्याम सुन्दर शर्मा, सहायक विकास अधिकारी रामस्वरूप धायल, ग्राम विकास अधिकारी नरेन्द्र यादव, मनोज स्वामी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन कनिष्ठ सहायक मुकेश नायक ने किया।

## अमावस्या पर हजारों लोगों को पिलाया शर्बत

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अमावस्या के उपलक्ष में शहर के अनेक स्थानों पर दिनभर दान पुण्य का सिलसिला जारी रहा। इसी क्रम में लोगों ने दिनभर राहगीरों को शर्बत भी पिलाई। दो नम्बर रेलवे फाटक के पास युवाओं की टीम ने हजारों राहगीरों, यात्रियों को रोक-रोककर शरबत पिलाया और लोगों को तरबूज भी खिलाए गए। जानकारी के अनुसार पूनमचंद भार्गव, प्रमोद जांगिड़, मुकेश जांगिड़, जगदीश जांगिड़, ताराचंद बिरड़ा, खेताराम दुसाद, प्रहलाद जाट, निरंजन भार्गव, अशोक जांगिड़, प्रदीप भार्गव, पप्पू जांगिड़, तेजपाल सहित अनेक लोगों ने लोगों को शर्बत, ठण्डा जल पिलाया और तरबूज भी खिलाए।

# मंत्री के समक्ष लगा ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं का अंबार

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** गुरुवार शाम को जन स्वास्थ्य एंव अभियांत्रिकी विभाग के मंत्री कन्हैयालाल गेनाना में आयोजित रात्रि चौपाल में जनसुनवाई करने पहुंचे। जहाँ जन प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उनके समक्ष निम्बी जोधा एवं गेनाना क्षेत्र की समस्याओं का अंबार लगा दिया। एडवोकेट जगदीश सिंह राठौड़ ने उन्हें क्षेत्र में पेयजल की किल्लत के बारे में अवगत करवाया। निम्बी जोधा प्रशासक सुमन खिचड़ ने प्रभारी मंत्री को ज्ञापन सौंपकर जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता कमल किशोर का मुख्यालय निम्बी जोधा में करने की मांग की। उन्होंने कहा की उप तहसील होने के चलते निम्बी के नीचे बहुत से गाँव आते हैं और आबादी भी ज्यादा है जिसके चलते यहां पानी की समस्या बनी रहती है। मुख्यालय निम्बी नहीं होने के कारण कर्मचारी काम चोरी करते है । उन पर अधिकारीयों की निगरानी नहीं रह पाती जिसके चलते निम्बी में सहायक अभियंता कार्यालय खोलने की मांग की गई। इसके अलावा निम्बी क्षेत्र में पानी की समस्या का समाधान करवाने, पड़ोलाई क्षेत्र में नये ट्यूबवेल शुरू करवाने, निम्बीजोधा एफएसटीपी के लिए भूमि का आवंटन करने, मीठे पानी की सप्लाई को सुचारू करने सहित अनेक मुख्य मांगे रखी गई। इस अवसर पर डॉ नानूराम चोयल ने मंत्री का आभार प्रकट किया और आमजन को राहत प्रदान करने की बात कही। कार्यक्रम में नवरतन खीचड़, जगदीश पारीक, श्यामसुंदर, समाजसेवी हरिराम खीचड़ आदि ने भी मंत्री को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के बारे में अवगत करवाते हुए समाधान करवाने की बात कही।



# पाकिस्तान सुधरने वाला नहीं

हाल में ऑपरेशन सिंदूर के एक वर्ष पूरे होने के समय सभी ने इसे स्मरण किया कि भारत ने किस तरह पाकिस्तान को धूल चटाई थी, लेकिन हमें यह भी याद रखना चाहिए कि पाकिस्तान की फितरत अभी बदली नहीं है। इसका प्रमाण है पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर का यह बयान कि यदि पाकिस्तान पर फिर हमला हुआ तो जवाब बेहद व्यापक, खतरनाक, दूरगामी और दर्दनाक होंगे। हम इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी नेटवर्क अब भी सक्रिय हैं। उसकी कुख्यात खुफिया एजेंसी आईएसआई भारत विरोधी गतिविधियों में पहले की तरह ही लिप्त है और अमेरिकी समर्थन के कारण उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। यह मान लेना उचित नहीं होगा कि पाकिस्तान सुधरने वाला है। पिछले साल दिल्ली में लाल किले के निकट विस्फोट और सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल का सामने आना यही जाहिर करता है कि आतंक का खतरा बना हुआ है। पिछले कुछ समय में एनआईए और विभिन्न राज्यों की पुलिस द्वारा कई संदिग्ध आतंकियों की गिरफ्तारियां हुई हैं। ये हथियारों की व्यवस्था, लॉजिस्टिक्स प्रबंधन और आतंकी योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे।

सबसे अधिक चिंता का विषय आतंकवाद से जुड़े व्यक्तियों की बदलती प्रोफाइल है। कुछ आरोपी शिक्षित पेशेवर थे, जिनमें डाक्टर और तकनीकी रूप से दक्ष लोग भी थे। यह व्हाइट कॉलर टेररिज्म की बढ़ती पैठ को दर्शाता है, जहां सूचना प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और वित्तीय क्षमता का उपयोग आतंकी गतिविधियों में किया जा रहा है। ऐसे तत्वों की पहचान करना अधिक कठिन होता है, क्योंकि वे वैध संस्थागत ढांचों के भीतर रहकर बहुल लो प्रोफाइल होकर काम करते हैं। भारत में इस्लामिक स्टेट से जुड़े मॉड्यूल भी सक्रिय दिख रहे हैं। ऐसे स्लीपर सेल सामने आए हैं जो भर्ती, निगरानी और विस्फोटक प्रशिक्षण जैसी गतिविधियों में शामिल थे। विभिन्न राज्यों में हुई गिरफ्तारियां यह भी दर्शाती हैं कि ये अलग-थलग समूह नहीं, बल्कि व्यापक और परस्पर जुड़े नेटवर्क का हिस्सा हैं। आज आतंकवाद तेजी से अपना स्वरूप बदल रहा है। यह अब केवल बंदूक और बम तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अधिक विकेंद्रीकृत, तकनीक-आधारित और पकड़ से बचने वाला स्वरूप ले चुका है। अवैध हथियार तस्करी भी गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। एके-47 जैसे हथियारों की बरामदगी ने सीमा पार से जुड़े संगठित सप्लाई नेटवर्क को उजागर किया है, जो बाहरी समर्थन और घरेलू नेटवर्कों के गठजोड़ को रेखांकित करता है। स्पष्ट है कि भर्ती, फंडिंग, लॉजिस्टिक्स और क्रियान्वयन का एक सुव्यवस्थित तंत्र सक्रिय है। यह बढ़ती हुई परिष्कृत रणनीति आतंकी ढांचे की बारीकियों में भी जाहिर हो रही है। मार्च में दिल्ली कैंट रेलवे स्टेशन पर आईएसआई से जुड़े एक जासूसी षड्यंत्र का खुलासा हुआ था, जिसमें गुप्त रूप से लगाए गए सोलर पावर्ड सीसीटीवी कैमरों का उपयोग सैन्य गतिविधियों की रियल-टाइम फुटेज पाकिस्तानी हैंडलरों तक भेजी जा रही थी। यह दर्शाता है कि निगरानी गतिविधियां अब अधिक गुप्त और तकनीक आधारित होती जा रही हैं। ऐसे उपकरण सैन्य गतिविधियों का मानचित्रण, कमजोरियों की पहचान और भविष्य के हमलों में सहायता कर सकते हैं। चूंकि छोटी घटनाएं भी किसी बड़े षड्यंत्र का हिस्सा हो सकती हैं, इसलिए निरंतर सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। एक अन्य गंभीर चिंता वैध व्यावसायिक प्लेटफॉर्मों के दुरुपयोग की है, जिसे कभी-कभी कारपोरेट जिहाद के रूप में भी देखा जाता है। नासिक स्थित एक बीपीओ से जुड़े मामले ने यह दिखाया कि किस प्रकार व्यावसायिक संस्थानों का उपयोग नेटवर्क तैयार करने और आतंकी गतिविधियों को आड़ देने के लिए किया जा सकता है। यह दर्शाता है कि आतंकी रणनीतियां अब पारंपरिक तरीकों से कहीं आगे बढ़ चुकी हैं। डिजिटल कट्टरपंथ भी तेजी से बढ़ता खतरा बन चुका है। ऑनलाइन प्रचार, एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म और लक्षित संदेशों के माध्यम से युवाओं को प्रभावित और भर्ती किया जा रहा है। इससे आतंकवाद का खतरा अधिक व्यापक, अदृश्य और दीर्घकालिक बन गया है। पाकिस्तान की ओर से खालिस्तान जैसे पुराने मुद्दे को पुनर्जीवित कर भारत में माहौल बिगाड़ने के प्रयास जारी हैं। चंडीगढ़ में भाजपा कार्यालय के पास विस्फोट, जालंधर में बीएसएफ मुख्यालय के बाहर धमाका तथा आईएसआई समर्थित मॉड्यूलों का पर्दाफाश इसी प्रवृत्ति को दर्शाते हैं। इन गतिविधियों को डिजिटल प्रचार अभियानों के माध्यम से सामाजिक विभाजन गहरा करने और जनमत प्रभावित करने का हिस्सा भी समझा जा रहा है। ऐसे में भारत किसी भी प्रकार की आत्मसंतुष्टि का जोखिम नहीं उठा सकता। आपरेशन सिंदूर की सफलता को एक मजबूत और आधुनिक आंतरिक सुरक्षा ढांचे का समर्थन मिलना आवश्यक है। विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय, रियल-टाइम खुफिया सूचनाओं को साझा करना और उन्नत तकनीक का उपयोग समय रहते खतरे की पहचान के लिए बेहद जरूरी है। इस क्रम में %प्रहार% जैसे त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित कर सकते हैं। इसके साथ-साथ कट्टरपंथ के मूल कारणों पर भी प्रभावी ढंग से काम करना होगा। युवाओं को उग्रवाद और भ्रामक सूचनाओं के प्रति जागरूक बनाना रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। विद्यालय स्तर पर आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी बुनियादी समझ विकसित करना समाज को अधिक सजग और जिम्मेदार बना सकता है। सामाजिक समरसता और समावेशी विकास को बढ़ावा देना भी उतना ही आवश्यक है, क्योंकि अलगाव और असंतोष का लाभ अक्सर आतंकी संगठन उठाते हैं। आतंक के विरुद्ध यह संघर्ष केवल भौतिक नहीं, बल्कि वैचारिक भी है, जिसके लिए प्रभावी प्रतिपक्षी नैरेटिव की आवश्यकता है।

# मोदी की सामयिक अपील

(हिफी फीचर)



- ऊर्जा को बचाने के लिए वर्क फ्रॉम होम की अपील।
- एक साल तक सोना न खरीदें ताकि सोने के आयात में खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा को बचाया जा सके।
- ईंधन की भारी महंगाई के कारण वाहन का कम इस्तेमाल करें, मेट्रो का उपयोग करें, और कारपूलिंग को बढ़ावा दें।
- हर परिवार से खाद्य तेल की खपत में कटौती की अपील ताकि देश की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके।
- किसान रासायनिक उर्वरक पर निर्भरता कम करें और प्राकृतिक खेती अपनाएं।
- विदेशी वस्तुओं की जगह स्वदेशी उत्पादों को दें प्राथमिकता।
- विदेश यात्रा टालें जिससे विदेशी मुद्रा की हो बचत।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गत 10 मई को जनता से जो अपील की है, उसे सामयिक, दूरदर्शी और राष्ट्रहित में माना जाना चाहिए। विरोधी दलों के नेता भले ही इसमें राजनीति के पुट तलाशें जैसे कि राहुल गांधी ने सोने की खरीद न करने पर नाराजगी जताई है लेकिन इस समय की जरूरत सोना नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की सोच है। देश की जनता इस बात को अच्छी तरह से जानती है कि लगभग तीन वर्ष पहले जब रूस और यूक्रेन का युद्ध प्रारम्भ हुआ था, उसी समय से ईंधन संकट प्रारम्भ हो गया था। यह संकट लगभग 11 सप्ताह पूर्व 28 फरवरी से उस समय और गहरा हो गया जब ईरान-इज़रायल युद्ध में अमेरिका कूद पड़ा और ईरान ने दुनिया के सबसे व्यस्त ईंधन मार्ग स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद कर दिया। भारत ने ईरान से भी मधुर संबंध बनाए रखे और अमेरिका से भी मित्रता कायम रखी। इससे भारत ने एक तरफ रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदा, दूसरी तरफ भारत के तेल और गैस से भरे जहाज होर्मुज के रास्ते ही भारत पहुंच गये। इस बीच ऊर्जा संकट से पूरी दुनिया त्राहि-त्राहि करने लगी और इसकी आंच भारत तक भी पहुंची। मोदी सरकार ने इस अभूतपूर्व ऊर्जा संकट में देश की जनता को संकट का सामना नहीं करने दिया। पूरी दुनिया में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतें आसमान पर पहुंच गयीं लेकिन भारत में चूल्हे भी जलते रहे और वाहन भी चलते रहे। हाँ, तेल और गैस के भंडार अब कम हो रहे हैं। इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जागरूक जनता से बहुत सामान्य सहयोग मांगा है। इससे सरकार को तैयारी का समय मिल जाएगा क्योंकि वैश्विक ऊर्जा संकट अभी समाप्त नहीं हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और महंगे ईंधन के बीच देशहित में एक अहम अपील की है। उन्होंने विदेशी मुद्रा बचाने के लिए एक साल तक सोना न खरीदने, खाने के तेल की खपत कम करने, अनावश्यक वाहन उपयोग घटाकर कारपूलिंग करने और विदेश यात्राएं टालने का आग्रह किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, देशभक्ति सिर्फ जान देना नहीं बल्कि मुश्किल वक्त में ज़िम्मेदारी से जीना भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने मेट्रो, कारपूल अपनाने पर जोर दिया।

पीएम मोदी ने वर्क फ्रॉम होम करने पर ज़ोर दिया। इसके पीछे सीधा हिसाब है। दफ्तर आने-जाने में रोज़ाना लाखों लीटर पेट्रोल-डीजल जलता है। कॉर्पोरेट कंपनियाँ अगर हफ्ते में कुछ दिन भी वर्क फ्रॉम होम लागू करें तो ईंधन की खपत और आयात का बोझ दोनों कम हो सकते हैं। पीएम ने नागरिकों से अपील की है कि वे गैर जरूरी विदेश यात्रा, विदेश में छुट्टियां मनाने और विदेशी शादियों से बचकर और घरेलू पर्यटन और भारत के भीतर समारोह आयोजित करके विदेशी मुद्रा भंडार को संरक्षित करने में मदद करें।

पीएम मोदी ने लोगों से एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोना खरीदने वाला देश है और हम हर साल करीब 59 अरब डॉलर यानी लगभग पांच लाख करोड़ रुपए का सोना बाहर से मंगाते हैं। सोने की कीमत और रुपए की कमजोरी के बीच सीधा रिश्ता है। सोना महंगा होता है तो रुपया और टूटता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों को मेड-इन-इंडिया और लोकल लेवल पर बनने वाले प्रोडक्ट्स को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित किया, जिनमें जूते, बैग और सहायक उपकरण जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुएं शामिल हैं। भारतीय सामान खरीदने से आयात कम होगा और देश के उद्योग और रोज़गार को फायदा मिलेगा।

पीएम मोदी ने किसानों से अपील कि वे रासायनिक खाद का उपयोग 50 प्रतिशत कम करें, प्राकृतिक खेती अपनाएं और डीजल पंप की जगह सौर पंप लगाएं। भारत यूरिया की अपनी ज़रूरत का 25 प्रतिशत, फास्फेट का 90 प्रतिशत और पोटाश का पूरा 100 प्रतिशत विदेश से मंगाता है। 2023-24 में सिर्फ उर्वरक सब्सिडी का बोझ 1.75 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। यूरिया बनाने के लिए प्राकृतिक गैस चाहिए जो खुद आयात होती है। पश्चिम एशिया संकट में गैस महंगी हुई तो खाद महंगी हुई और सरकार की सब्सिडी और बढ़ी। खाद का इस्तेमाल कम करें तो यह पूरी चेन टूटती है।

वैश्विक ऊर्जा मार्ग स्ट्रेट आफ होर्मुज से प्रतिदिन लगभग 2 करोड़ बैरल कच्चे तेल का परिवहन होता है। जहाजों का आवागमन बंद होने से इस वैश्विक संकट का प्रभाव अभूतपूर्व रहा। ब्रेंट क्रूड की कीमत 70 डॉलर से बढ़कर 126 डालर प्रति बैरल हो गयी है। इसके परिणामस्वरूप दुनिया के कई देशों को असाधारण कदम उठाने पड़े। बांग्लादेश में ईंधन की राशनिंग हुई। श्रीलंका में चार दिवसीय कार्य सप्ताह के साथ फ्यूल पास जारी किये गये हैं। दक्षिण कोरिया ने पहली बार ईंधन मूल्य सीमा तय की है। जापान को अपना सबसे बड़ा रणनीतिक तेल भंडार उपयोग करना पड़ रहा है। इसके विपरीत भारत में कोई ईंधन राशनिंग नहीं हुई। देश भर में तेल व गैस की सुचारु आपूर्ति हो रही है। भारत भी अपने लगभग 88 फीसद कच्चे तेल के आयात के लिए इसी मार्ग पर निर्भर रहता है। भारत का लगभग 40 फीसद तेल आयात खाड़ी देशों से होता है। इस प्रकार हमारे देश को भी अभूतपूर्व ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ा। लेकिन इसको भारत सरकार ने खुद वहन किया। इसके चलते सरकार पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। पीएम ने जनता से अपना योगदान देने के लिए अपील की है जो देश-हित में है। **(हिफी)**

# सत्ता संभालते ही हिंदुत्व मॉडल के जरिये बंगाल में बड़े बदलाव ले आये सुवेंदु अधिकारी

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने सत्ता की कमान संभालते ही चुनावी वादों पर अमल की दिशा में कदम बढ़ाने तो शुरू कर ही दिये हैं साथ ही राज्य की राजनीति और प्रशासन में तेज बदलावों का दौर भी शुरू कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी के नेता सुवेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद संभालते ही कई ऐसे फैसले लिए हैं, जिन्हें राज्य की दिशा बदलने वाला माना जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी को उनके गढ़ में पराजित कर सत्ता तक पहुंचे सुवेंदु अधिकारी ने शपथ लेने के केवल 48 घंटे के भीतर लगभग डेढ़ दर्जन बड़े निर्णयों की घोषणा कर यह संकेत दे दिया कि नई सरकार प्रशासनिक, राजनीतिक और कानून व्यवस्था के मोर्चे पर व्यापक बदलाव चाहती है।

नई सरकार के शुरुआती फैसलों में सार्वजनिक स्थानों पर नमाज और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर सख्ती प्रमुख रही। सरकार ने स्पष्ट किया कि सड़कों और सार्वजनिक मार्गों पर नमाज की अनुमति नहीं होगी तथा धार्मिक गतिविधियां निर्धारित परिसरों तक सीमित रहेंगी। कोलकाता के रेड रोड क्षेत्र में सार्वजनिक नमाज पर भी रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही ध्वनि प्रदूषण नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए लाउडस्पीकर के उपयोग पर भी नियंत्रण लगाया गया है। सरकार ने पत्थरबाजी की घटनाओं पर भी कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

साथ ही सुवेंदु अधिकारी सरकार ने वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव और वर्ष 2023 के पंचायत चुनावों के बाद हुई हिंसा से जुड़े मामलों को फिर से खोलने का आदेश दिया है। इन मामलों को पिछली सरकार के दौरान बंद कर दिया गया था। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर लंबित और बंद मामलों की दोबारा जांच कराने का निर्देश दिया। सरकार का कहना है कि चुनाव बाद हिंसा के पीड़ितों को न्याय दिलाना उसकी प्राथमिकता है।

इसी क्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या के मामलों को भी दोबारा जांच के दायरे में लाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले पंद्रह वर्षों में मारे गए तीन सौ इक्कीस भाजपा कार्यकर्ताओं के परिवार यदि चाहें तो सरकार निष्पक्ष जांच कराएगी। यह फैसला राजनीतिक हिंसा के मुद्दे पर भाजपा के लंबे अभियान का हिस्सा माना जा रहा है।

इसके अलावा, नई सरकार ने सांप्रदायिक हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ गैर जमानती धाराओं में कार्रवाई करने और पुलिस को बिना राजनीतिक दबाव के काम करने की खुली छूट देने की घोषणा की है। प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए और किसी की राजनीतिक पहचान को महत्व न दिया जाए। सरकार ने दावा किया है कि कानून व्यवस्था को राजनीतिक प्रभाव से मुक्त किया जाएगा।

साथ ही सीमा पार से होने वाली अवैध घुसपैठ और पशु तस्करी के मुद्दे पर भी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। राज्य में अवैध पशु बाजारों को बंद करने और अवैध परिवहन पर रोक लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। दिनाजपुर, मालदा, मुर्शिदाबाद और उत्तर चौबीस परगना जिलों में चल रहे अवैध पशु बाजारों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई है। इसके साथ ही भारत बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल को पैंतालीस दिनों के भीतर भूमि हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे अवैध घुसपैठ और जनसंख्या संतुलन में हो रहे बदलावों पर रोक लगेगी। इसके अलावा, पश्चिम बंगाल की नई सरकार ने राज्य में पशु वध को लेकर भी सख्त नियम लागू करने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने पश्चिम बंगाल पशु वध नियंत्रण अधिनियम 1950 के प्रावधानों को कड़ाई से लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। नए आदेश के अनुसार अब किसी भी पशु के वध से पहले उसकी उपयुक्तता का प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होगा। यह प्रमाण पत्र नगर निकाय प्रमुख और सरकारी पशु चिकित्सक की संयुक्त सहमति से जारी किया जाएगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर पशु वध पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा और केवल निर्धारित बूचड़खानों में ही इसकी अनुमति होगी। नियमों के उल्लंघन पर छह महीने तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान भी किया गया है। नई सरकार के इस कदम को कानून व्यवस्था, सार्वजनिक स्वच्छता और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

साथ ही राज्य में लंबे समय से चर्चा में रहे सिंडिकेट राज और अवैध खनन पर भी सरकार ने कार्रवाई का संकेत दिया है। जिला और प्रखंड स्तर पर सक्रिय कथित सिंडिकेट नेटवर्क को समाप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार का मानना है कि पिछली व्यवस्था में निर्माण सामग्री और कई क्षेत्रों में प्रभावशाली समूहों का नियंत्रण था, जिसे खत्म करना आवश्यक है।

सुरक्षा व्यवस्था में भी बदलाव करते हुए आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों की सुरक्षा हटाने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा तृणमूल कांग्रेस शासनकाल में विभिन्न बोर्डों, सार्वजनिक उपक्रमों और गैर वैधानिक संस्थाओं में नियुक्त अध्यक्षों और सदस्यों की सेवाएं समाप्त करने के आदेश दिए गए हैं। साठ वर्ष से अधिक आयु वाले अधिकारियों को सेवा विस्तार देने पर भी रोक लगाने का निर्णय लिया गया है।

नई सरकार ने केंद्र की कई योजनाओं को पश्चिम बंगाल में लागू करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। आयुष्मान भारत, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री कृषक बीमा योजना, प्रधानमंत्री श्री योजना, विश्वकर्मा योजना और उज्ज्वला योजना को शीघ्र लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को केंद्र सरकार के साथ आवश्यक समझौते तेजी से पूरा करने को कहा है। साथ ही राज्य की नई भाजपा सरकार ने शिक्षा और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से जुड़े मोर्चे पर भी बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में प्रार्थना सभा के दौरान वंदे मातरम् गाना अनिवार्य कर दिया है। आदेश के अनुसार कक्षाएं शुरू होने से पहले विद्यार्थियों को वंदे मातरम् के छहों पद गाने होंगे। सरकार का कहना है कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान यह गीत देशभक्ति और राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक रहा है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा वंदे मातरम् को जन गण मन के समान दर्जा दिए जाने के बाद इस निर्णय को और अधिक महत्व दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने इसे राष्ट्रीय भावना और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

इसके अलावा, कानूनी ढांचे में बदलाव करते हुए भारतीय न्याय संहिता को राज्य में लागू करने की घोषणा भी की गई है। यह नया आपराधिक कानून पुराने भारतीय दंड संहिता का स्थान ले चुका है, लेकिन पश्चिम बंगाल में इसका कार्यान्वयन लंबित था। नई सरकार ने इसे तुरंत प्रभाव से लागू करने का निर्णय लिया है।



सरकारी नौकरियों के इच्छुक युवाओं को राहत देते हुए आयु सीमा चालीस से बढ़ाकर पैंतालीस वर्ष कर दी गई है। सरकार का कहना है कि इससे लंबे समय से अवसरों से वंचित युवाओं को लाभ मिलेगा और भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाया जाएगा। जनगणना प्रक्रिया को भी नई सरकार ने फिर से शुरू करने का निर्णय लिया है। केंद्र सरकार के निर्देशों के बावजूद यह प्रक्रिया लंबे समय से लंबित थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अब बिना किसी राजनीतिक अहंकार के केंद्र के निर्देशों के अनुरूप कार्य करेगी। इसके अलावा, प्रशासनिक ढांचे में सुधार की दिशा में भी बड़े कदम उठाए गए हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा और राज्य पुलिस अधिकारियों को केंद्र सरकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भेजने का फैसला किया गया है। इसका उद्देश्य राज्य की प्रशासनिक कार्यप्रणाली को राष्ट्रीय स्तर के मानकों से जोड़ना है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग के आठ अधिकारियों ने नई दिल्ली में आयुष्मान भारत योजना से संबंधित तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त किया। शहरी विकास विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। इसे पश्चिम बंगाल की नौकरशाही में बड़े प्रशासनिक पुनर्गठन की शुरुआत माना जा रहा है। बहरहाल, राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सुवेंदु अधिकारी ने सत्ता संभालते ही हिंदुत्व आधारित राजनीति को जमीन पर उतारने की दिशा में तेज कदम बढ़ाने शुरू कर दिए हैं। सार्वजनिक स्थानों पर नमाज पर सख्ती, वंदे मातरम् को अनिवार्य करना, सीमा सुरक्षा, अवैध घुसपैठ और पशु तस्करी के खिलाफ कार्रवाई जैसे फैसलों को इसी व्यापक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। भाजपा लंबे समय से बंगाल में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और कानून व्यवस्था को बड़ा मुद्दा बनाती रही है और अब सरकार बनने के बाद उसे अमली जामा पहनाने की कोशिश साफ दिखाई दे रही है। माना जा रहा है कि राज्य की एक बड़ी आबादी भी लंबे समय से ऐसे बदलावों की प्रतीक्षा कर रही थी, जिसका असर चुनाव परिणामों में भी देखने को मिला। नई सरकार के शुरुआती फैसलों ने यह संकेत दे दिया है कि आने वाले समय में बंगाल की राजनीति और प्रशासनिक दिशा दोनों में बड़े परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं।

# बंगाल को पटरी पर लाने की बारी

पांच दशकों से अधिक समय बाद पूर्वी भारत एक ऐसे मोड़ पर खड़ा दिखाई देता है, जहां राजनीतिक समन्वय, नीतिगत स्थिरता और आर्थिक संभावनाएं एक साथ आकार ले रही हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार भाजपा अब पूर्वी भारत के चार प्रमुख राज्यों-बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और असम में सत्ता में है और केंद्र में भी उसकी सरकार है। 1974 के बाद यह पहला अवसर है जब पूर्वी भारत में इस प्रकार का राजनीतिक समन्वय देखने को मिल रहा है। पिछली बार ऐसा तब हुआ था, जब देश की राजनीतिक और आर्थिक संरचना बिल्कुल अलग थी। इस परिवर्तन का महत्व केवल चुनावी गणित तक सीमित नहीं है। यह उन रणनीतिक अवसरों का संकेत है, जो लंबे समय से संभावनाओं के बावजूद अपेक्षित विकास से वंचित रहे पूर्वी भारत के लिए निर्णायक सिद्ध हो सकते हैं।


बंगाल में बदलाव सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। स्वतंत्रता के समय बंगाल भारत के सबसे समृद्ध और सांस्कृतिक रूप से प्रभावशाली क्षेत्रों में गिना जाता था। कोलकाता केवल एक शहर नहीं था, बल्कि व्यापार, विनिर्माण, वित्त, साहित्य, कला और बौद्धिक विमर्श का राष्ट्रीय केंद्र था। बंगाल ने देश को नोबेल पुरस्कार विजेता, उद्योगपति, चिंतक, कलाकार और समाज सुधारक दिए, जिन्होंने आधुनिक भारत की दिशा तय की, लेकिन समय के साथ राज्य अपनी आर्थिक ऊर्जा खोता गया। सरकारें उद्योग, निवेश और उद्यम के लिए अनुकूल वातावरण तैयार नहीं कर सकीं। उद्योग विरोधी सोच, नीतिगत अनिश्चितता, श्रमिक उग्रवाद और वैचारिक कठोरता ने धीरे-धीरे निवेशकों का विश्वास कम किया। परिणामस्वरूप औद्योगिक गिरावट, पूंजी पलायन और प्रतिभाओं का बड़े पैमाने पर बाहर जाना जारी रहा। 1960-61 में भारत की जीडीपी में बंगाल की हिस्सेदारी लगभग 10.5 प्रतिशत थी, जो आज घटकर लगभग 5.6 प्रतिशत रह गई है। कभी राष्ट्रीय औसत से काफी ऊपर रहने वाली प्रति व्यक्ति आय अब उससे नीचे पहुंच चुकी है। 2011 के बाद 6,600 से अधिक कंपनियां या तो बंद हुईं या राज्य से बाहर चली गईं। यह स्थिति इसलिए दुखद है, क्योंकि बंगाल के पास प्राकृतिक और रणनीतिक शक्तियां हमेशा मौजूद रहीं। उपजाऊ कृषि भूमि, लंबी समुद्री तटरेखा, प्रमुख बंदरगाह, दक्षिण-पूर्व एशिया के निकटता और पूर्वोत्तर भारत का प्रवेश द्वार होने जैसी विशेषताएं किसी भी क्षेत्र को आर्थिक शक्ति बना सकती हैं।

बंगाल बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और पूर्वोत्तर भारत के लिए भारत का प्रमुख संपर्क बिंदु है, लेकिन केवल भौगोलिक स्थिति विकास की गारंटी नहीं देती। इसके लिए संस्थागत क्षमता और नीति समन्वय भी उतने ही आवश्यक होते हैं। लंबे समय तक केंद्र और पूर्वी राज्यों के बीच राजनीतिक असमानता के कारण इस क्षेत्र के लिए समग्र विकास रणनीति विकसित नहीं हो सकी। लाजिस्टिक्स कॉरिडोर, पोर्ट आधुनिकीकरण, औद्योगिक क्षेत्र और सीमा व्यापार जैसी परियोजनाएं समन्वय के अभाव में अपेक्षित गति नहीं पकड़ सकीं।

अब यह बाधा काफी हद तक समाप्त होती दिखाई दे रही है। राजनीतिक रूप से समन्वित पूर्वी भारत अब दीर्घकालिक योजना निर्माण की संभावना पैदा करता है। ईस्ट कोस्ट इकोनमिक कॉरिडोर, ताजपुर पोर्ट, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क, औद्योगिक विनिर्माण क्लस्टर और एक्ट ईस्ट नीति के साथ गहरे एकीकरण को अब अधिक नीति स्थिरता और तेज क्रियान्वयन मिल सकता है। आर्थिक संभावना अत्यंत व्यापक है।

भारत-बांग्लादेश व्यापार का आकार वार्षिक 1.8 लाख करोड़ से अधिक हो चुका है, लेकिन बंगाल अभी भी इसका सीमित लाभ ही प्राप्त कर पाता है। नेपाल और भूटान बंगाल के ट्रांजिट नेटवर्क पर निर्भर हैं, जबकि पूरा पूर्वोत्तर समुद्री संपर्क के लिए इसी क्षेत्र पर आधारित है। कोलकाता और हल्दिया पूर्वी भारत के प्रमुख समुद्री द्वार बने हुए हैं और प्रस्तावित ताजपुर डीप-सी पोर्ट पूरे क्षेत्र की आर्थिक दिशा बदलने की क्षमता रखता है।

हालांकि केवल अवसंरचना बंगाल को पुनर्जीवित नहीं कर सकती। सबसे बड़ी आवश्यकता निवेशकों, वित्तीय संस्थानों और आम नागरिकों के विश्वास को पुनर्स्थापित करने की है। वर्तमान में बंगाल पर लगभग आठ लाख करोड़ रुपये का सार्वजनिक ऋण बोझ है। पूंजीगत व्यय अक्सर कल्याण आधारित खर्चों की तुलना में पीछे रहा है। इसलिए चुनौती कल्याण योजनाओं को समाप्त करने की नहीं, बल्कि उन्हें उत्पादकता, उद्यमिता और भागीदारी के आधार में बदलने की है। लक्ष्मी भंडार, कन्याश्री और कृषक बंधु जैसी योजनाओं ने सामाजिक सुरक्षा का व्यापक ढांचा तैयार किया है और इन्हें जारी रहना चाहिए, लेकिन दीर्घकालिक समृद्धि केवल प्रत्यक्ष सहायता से संभव नहीं होगी। कल्याण को सुरक्षा कवच से आगे बढ़ाकर उद्यमिता, कौशल विकास, महिला-नेतृत्व वाले व्यवसाय, एमएसएमई विकास और कृषि मूल्य संवर्धन का आधार बनाना होगा। बंगाल का भविष्य सब्सिडी आधारित राजनीति में नहीं, बल्कि सामान्य नागरिकों को अर्थव्यवस्था में सक्रिय भागीदारी का अवसर देने में निहित है। इसके साथ ही शासन व्यवस्था का आधुनिकीकरण भी उतना ही आवश्यक है।



# लोहार्गल में शनि अमावस्या पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** शेखावाटी के प्रसिद्ध तीर्थस्थल लोहार्गल में शनिवार को शनि अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भगवान शनिदेव के प्राकट्य दिवस के कारण बड़ी संख्या में भक्त यहां दर्शनों के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं ने प्रसिद्ध सूर्यकुंड में स्नान किया और निरंतर बहने वाली पवित्र गोमुख जलधारा से भगवान विष्णु का जलाभिषेक किया। इस स्थान का महाभारत काल से जुड़ाव होने के कारण इसकी धार्मिक मान्यता और अधिक बढ़ जाती है। शनि अमावस्या के अवसर पर दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने मंदिरों में दान-दक्षिणा देकर पुण्य कमाया। इस दौरान सुहागीन महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रखा और पति की लंबी उम्र के लिए वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की। तीर्थराज लोहार्गल मार्ग पर स्थित शनिदेव मंदिर में भी शनि अमावस्या पर भारी भीड़ देखी गई। कैरी के अचार के लिए प्रसिद्ध लोहार्गल में श्रद्धालु अचार की खरीदारी करते हुए भी नजर आए। मंदिरों में दान पुण्य किया। सूर्य मंदिर के महंत अवधेशाचार्य महाराज ने बताया कि सूर्य कुंड पर पुलिस प्रशासन का पर्याप्त जाब्ता था। तीन साल में एक बार अधिक माह आता है भगवान आशीर्वाद देने के लिए आते हैं और निरंतर स्नान करना व देवताओं के दर्शन जारी रहेंगे।

## बस की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की मौत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गलता गेट थाना पुलिस क्षेत्र में शुक्रवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई जबकि उसके दो साथी मामूली घायल हो गए। हादसे के बाद पुलिस ने बस को जब्त कर चालक को राउंडअप कर लिया है। थानाधिकारी धर्म सिंह ने बताया कि हादसे में रामगंज स्थित फूटा खुर्रा निवासी मोहम्मद रईस पुत्र मुमताज अली की मौत हो गई। जो शुक्रवार देर रात अपने दो साथियों के साथ स्कूटी से गलता गेट से घर लौट रहा था। पुलिस के अनुसार धोबी घाट से निकलते समय पंजाब नंबर की एक बस के चालक ने स्कूटी को ड्राइवर साइड से ओवरटेक करने का प्रयास किया। इसी दौरान आगे मोड़ आने पर चालक ने बस को घुमाया, जिससे स्कूटी बस के टायर और डिवाइडर के बीच आ गई। हादसे में मोहम्मद रईस गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को एसएमएस हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं स्कूटी पर सवार उसके दो साथियों को मामूली चोटें आई, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। मामले में बस को जब्त कर चालक से पूछताछ की जा रही है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है।

## भाजपा किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष 19 को आएंगे सीकर



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी 19 मई को सीकर आएंगे। वे इस दिन दोपहर 3 बजे भाजपा कार्यालय में आयोजित किसान मोर्चा के कार्यक्रम में भाग लेंगे। जिला उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत ने बताया कि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी के आगमन व किसान मोर्चा के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने हेतु विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान जिला महामंत्री राजेश रोलन, जिला उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत, मुख्य प्रवक्ता करण सिंह, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष मोहन गुर्जर, रामनिवास गुर्जर, जितेंद्र बाजिया, हंसराज बिस्सु, विश्वास गढ़वाल, शुभम सैनी, त्रिभुवन सिंह, वरूण कुशलेश शर्मा, ओमेंद्र चारण आदि मौजूद रहे।

## महिला सुरक्षा संकल्प अभियान में मनचला गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** वैशाली नगर थाना पुलिस ने महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए राह चलती युवती का पीछा कर छेड़छाड़ करने वाले एक मनचले को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को खातीपुरा तिराहे पर डिकॉय कार्रवाई के दौरान दबोचा। पुलिस उपायुक्त प्रशांत किरण ने बताया कि पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देश पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान महिला सुरक्षा संकल्प चलाया जा रहा है। अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त एसआईयूसीएडब्ल्यू सुलेश चौधरी तथा सहायक पुलिस आयुक्त अनिल शर्मा के निर्देशन में वैशाली नगर थानाधिकारी आरती सिंह को विशेष निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में थाना क्षेत्र में सादा वेश में महिला पुलिसकर्मियों की टीम और चेतक जाब्ता तैनात किया गया।

डिकॉय कार्रवाई के दौरान खातीपुरा तिराहे ट्रैफिक पॉइंट पर एक युवक राह चलती युवती का पीछा करते हुए उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। मौके पर मौजूद हैड कांस्टेबल कृष्ण ने सूझबूझ दिखाते हुए आरोपी को वहीं रोक लिया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम, जिसमें हैड कांस्टेबल भंवर सिंह और चेतक चालक हैड कांस्टेबल फूलचंद शामिल थे, मौके पर पहुंची और आरोपी को घेराबंदी कर डिटेन कर लिया। पुलिस ने महिला से छेड़छाड़ और उत्पीड़न के आरोप में पंकज पंवार निवासी शांति नगर हसनपुरा, जयपुर पश्चिम को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे और सार्वजनिक स्थानों पर छेड़छाड़ या उत्पीड़न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सात दिवसीय भागवत कथा 20 मई से




ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में शकुंतला देवी-महावीर प्रसाद शर्मा की स्मृति में उनके सुपुत्र सुशील शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, मनोज शर्मा, भुवनेश्वर शर्मा व परिवारजनों के द्वारा सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 20 से व 26 मई तक होगा। शनिवार को श्रीराम विद्यालय कथा स्थल पर पोस्टर का विमोचन सुशील शर्मा, एडवोकेट मनोज शर्मा, भुवनेश्वर शर्मा, केशव शर्मा, महावीर पारीक, मनोज पारीक, जितुराम मेघवाल, हर्षित शर्मा, लोकेश शर्मा के द्वारा किया गया। भुवनेश्वर शर्मा ने बताया कि 20 मई को सुबह 8 बजे से इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर से भव्य कलश यात्रा रवाना होगी जो कथा स्थल श्रीराम स्कूल पहुँचेगी। जहाँ ऋषिकेश के कथा वाचक हरिशरण महाराज के द्वारा कथा का रसास्वादन किया जाएगा। कथा का समय दोपहर सवा 12 बजे से प्रभु की इच्छा तक। वही प्रतिदिन प्रात: 5 बजे प्रभात फेरी के बाद अमृत प्रवचन का भी आयोजन होगा। आयोजन को लेकर कथा स्थल पर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है ।

## किन्नर होने के नाते बधाई लेना हक : माही न्याय नहीं मिला तो दिया जाएगा धरना

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** किन्नर समाज से प्रताड़ित माही शेखावत ने कहा कि उन्हें किन्नर समाज की कुछ तथाकथित किन्नर प्रताड़ित कर रहे हैं सरेआम मारपीट तथा बधाई लेने से रोकने का प्रयास किया जा रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान माही शेखावत ने कहा कि बधाई लेना उनका हक है जो कोई नहीं छीन सकता। उन्होंने कहा कि पायल बाई अपने आपको किन्नर समाज की गद्दी नसीन मानती है जो चाहे जिसे समाज से निकाल देती है ऐसा ही उनके साथ किया जा रहा है। बिरादरी में शामिल करने के नाम पर जुर्माने के नाम पर 25 लाख रुपए की फिरौती मांगने का भी आरोप लगाया है। माही ने कहा कि उन्होंने मारपीट और प्रताड़ित किए जाने का परिवाद उद्योग नगर थाने में दिया था लेकिन पुलिस ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की उनका आरोप है कि पुलिस भी उनसे मिली हुई है। माही ने कहा कि अगर उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह धरने पर बैठकर न्याय की गुहार लगाएगी।

माही ने खुलासा करते हुए बताया कि वह पंजाब में अपने परिवार के साथ अपना जीवन बसर कर रही थी साथ ही ग्रेजुएशन भी की लेकिन किन्नर समाज ने उन्हें अपना कर घर बार छुड़ा दिया आज जब वह सोशल मीडिया व अन्य सामाजिक सरोकार के कामों में सक्रिय हुई तो उन्हें प्रताड़ित किया जाने लगा तथा धमकी और फिरौती मांगने लगे। माही शेखावत ने सर्व समाज से उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है।

## विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े समाजसेवी भोजक का निधन

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ के संस्थापक अध्यक्ष और ठरड़ा धाम शिवालय से जुड़े समाजसेवी दानमल भोजक का शुक्रवार शाम को जयपुर के एक निजी चिकित्सालय में हृदयाघात से निधन हो गया। वे वहां श्वास सम्बन्धित रोग के निदान हेतु कुछ समय से भर्ती थे। दानमल शर्मा की पार्थिव देह जयपुर से सुजानगढ़ उनके निज आवास आस्था पर लाई गई और वहां से शवयात्रा के बाद नाथो तालाब मुक्ति धाम में उनका दाह संस्कार हुआ। उनके पुत्र देवेंद्र, योगेन्द्र और धर्मेश ने उनको मुखाग्नि दी। बारह दिसम्बर उन्नीस सौ पैंतालीस को जन्मे दानमल शर्मा ने अपने पिता डूंगरमल शर्मा की तरह प्रलेख लेखक के रूप में अपने केरियर की शुरुआत की। विद्यार्थीकाल से ही उन्हें सामाजिक कार्यों में रूचि थी, जिसके चलते वे अनेक संस्थाओं से जुड़े रहे। उन्होंने आज से पांच दशक पूर्व द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ की स्थापना की और उसके संस्थापक अध्यक्ष रहे। यंग्स क्लब के लिए जमीन आवंटन और विशाल भवन के निर्माण सहित संस्था की प्रत्येक सामाजिक गतिविधियों में उनका सम्पूर्ण योगदान रहता था। वे एक कुशल वक्ता और अप्रतिम सलाहकार थे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनके अंतिम संस्कार में शाकदीपिय ब्राह्मण समाज के लोगों सहित अनेकानेक सामाजिक, राजनैतिक, व्यापारिक और धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा ने दानमल भोजक के निधन को इस क्षेत्र के लिए एक अपूर्णिय क्षति बताया।

## सांसी समाज ने दिया धरने को समर्थन

निसं




**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगरपरिषद कार्यालय के बाहर अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में चल रहा धरना लगातार 14 वें दिन शनिवार को भी जारी रहा। धरने पर सांसी समाज के लोगों ने पहुंचकर समर्थन देते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पार्क में लगाई जानी चाहिए। महेश कुमार ने कहा कि सुजानगढ़ में जो लोग आरक्षण की मलाई खा रहे हैं, वो लोग बाबा साहेब की मूर्ति लगाने के प्रति गंभीर नहीं हैं और ये काफी चिंतनीय बात है। महेश कुमार ने कहा कि हम लोग धरने को समर्थन दते हैं और हमारी मांग है कि गांधी चौक के पार्क को आम जनता के लिए सारे दिन खोला जावे और बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति लगाई जावे। दूसरी ओर राजेश सांसी ने कहा कि एकता अपना नारा-वतन सबको प्यारा। इसलिए हम लोग अपील करते हैं कि सर्व समाज के लोग इस कार्य में जुड़ें और बाबा साहेब की मूर्ति स्थापित हो। धरने पर निवर्तमान पार्षद तरूण सियोता, इकबाल खान कायमखानी, बिलाल, महेश माली, नरेंद्र प्रजापत, सोनू शर्मा, विकाश दर्जी, हीरालाल नाई, विशाल गुर्जर, जीतू भार्गव, रवि भार्गव, कालू प्रजापत, मदनलाल सांसी, राजेश सांसी, सुरेश सांसी, मुकेश सांसी, पवन सांसी, अजय सांसी, सोहनलाल सांसी, मंगल सांसी, रामस्वरूप आदि लोगों ने भी शिरकत की। वहीं धरने पर मांगों के समर्थन में नारेबाजी भी की गई।

## भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए जीवनदायिनी पहल

### युवा जागृति मंच ने लगाए परिंडे



निसं

**पिलानी ( नवयत्न )।** भीषण गर्मी के मौसम में बेजुबान पक्षियों को प्यास की राहत पहुंचाने के उद्देश्य से युवा जागृति मंच पिलानी द्वारा शनिवार को गौशाला पिलानी में पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाए गए। मंच के सदस्यों ने सेवा भाव के साथ परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए नियमित रूप से पानी उपलब्ध करवाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रेम प्रकाश मोयल ने बताया कि गर्मी के मौसम में पानी की कमी के कारण पक्षियों को काफी परेशानी होती है।

इसी को ध्यान में रखते हुए युवा जागृति मंच द्वारा पिलानी शहर व आसपास के विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक पक्षियों को राहत मिल सके। इस अवसर पर प्रेम प्रकाश मोयल, सुरेंद्र मोयल, राजेंद्र सैनी, सरवर कौशिक, हरीराम नायक, शैलेन्द्र सिंह, सुभाष अलारिया, जवाहरमल सैनी, भोला खटीक, मनोज भास्कर, सुमेर स्वामी, कृष्ण अलारिया, शेरसिंह नायक व महावीर कुमावत सहित मंच के सदस्य उपस्थित रहे। मंच के सदस्यों ने आमजन से भी अपील की कि वे अपने घरों, दुकानों और सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाएं तथा नियमित रूप से उनमें पानी भरते रहें।

छोटी-सी सेवा भी इस भीषण गर्मी में बेजुबान जीवों के लिए जीवनदायिनी साबित हो सकती है।

## पुलिस थाने में सनम भाई किन्नर द्वारा वाटर कूलर भेंट



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** कस्बे में शनिवार को किन्नर समाज के जिला अध्यक्ष सनम बाई किन्नर के नेतृत्व में उदयपुरवाटी पुलिस थाना परिसर में गर्मियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए पुलिसकर्मी व आमजन को पीने के लिए ठंडा पानी उपलब्ध हो सके इसके लिए सनम बाई ने एक वाटर कूलर भेंट किया है। इस अवसर पर उदयपुरवाटी पुलिस थाने के थाना प्रभारी रामपाल मीणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि किन्नर समाज की झुंझुनू जिला अध्यक्ष सनम बाई किन्नर ने पुलिस थाने में जो वाटर कूलर भेंट किया है यह एक पुनीत कार्य है। वाटर कूलर लगने से गर्मी में परिवादियों व पुलिस कर्मियों को राहत मिलेगी। थाना परिसर में पीने के लिए मिलेगा। पुलिस थाने में वाटर कूलर भेंट करते समय सनम बाई किन्नर के साथ चाहत किन्नर, ज्योति किन्नर, रागिनी किन्नर, माही किन्नर, स्वीटी किन्नर, काजल किन्नर, खुशी किन्नर, रोहिणी किन्नर, मोनिका किन्नर आदि मौजूद थी। इस मौके पर पुलिस थाने के एसआई ओम प्रकाश, एएसआई जितेंद्र सिंह, पुलिस के जवानों में विक्रम सिंह, पुलिस थाने के एच एम हरि सिंह, महिला कांस्टेबल रिंकू सहित पुलिस थाने के जवान मौजूद रहे। इनके अलावा नितेश सैनी पूर्व भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष, समाजसेवी ताराचंद मित्तल, कमल खेराडी, ललित सोनी, ओमप्रकाश सहित कई लोग मौजूद रहे।

## योगाभ्यास करवाया



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की निजी हॉस्पिटल में नियमित प्रात: 6 बजे से योग कक्षा का संचालन वैद्य लक्ष्मीनारायण शर्मा के निर्देशन में किया जा रहा है। योगाचार्य पवन जोशी के मार्गदर्शन में योग साधक सूक्ष्म क्रियाएं, योगासन, जॉगिंग व प्राणायाम का नियमित अभ्यास कर रहें है। पवन जोशी ने बताया कि वर्तमान समय में योग की महती आवश्यकता है, इससे तन और मन दोनों स्वस्थ रहते है।

शनिवार को योगाभ्यास में सुरेंद्र चूलेट, पंकज गौड़, अरविंद शर्मा, पूनम कम्मा, रजत, अमित स्वामी, प्रभुदयाल सैनी, ममता शर्मा, चंदा सोनी, मीना, चंचल शर्मा सहित दर्जनों पुरुष महिलाओं ने भाग लिया। उपस्थित साधकों को नि:शुल्क गिलोय रस का सेवन करवाया गया।

## फायरिंग मामले में एसपी ने किया मौका निरीक्षण

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने क्षेत्र में हुई फायरिंग मामले में रतनगढ़ पहुंच घटना स्थल का मौका निरीक्षण किया। वहीं दोनों गिरफ्तार आरोपियों को शनिवार को कोर्ट में बापर्दा पेश किया गया, जहां से उन्हें जैसी कर दिया गया है। दोनों आरोपियों को बापर्दा गिरफ्तार कर चूरू से रतनगढ़ लेकर आई थी पुलिस। उल्लेखनिय है कि शहर के वार्ड नंबर 21 में निवर्तमान पार्षद राजेन्द्र बबेरवाल के घर पर गुरुवार को फायरिंग हुई थी। जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद ने बताया कि इस संबंध में तीन मामले दर्ज हुए हैं। पुलिस आरोपियों की आगे व पीछे की चैन से जुड़े व्यक्तियों की जानकारी जुटाने में जुटी हुई है। यह लोग डरे हुए हैं और डर के कारण विदेशों में बैठे हुए। पैसों की खातिर यह ऐसे गलत तरीके कार्य कर रहे। इनसे डरे नहीं कोई भी जानकारी आपके पास है तो पुलिस को बताये। पुलिस प्रशासन आपके साथ खड़ा है।

## किसानों की मूंग तुलाई का रोका हुआ भुगतान दिलवाने की मांग

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** जिला प्रभारी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के लाडनूं दौरे के दौरान किसानों ने ज्ञापन सौंपकर समर्थन मूल्य खरीद केंद्र लाडनूं पर किसानों से मुंग तुलाई करवाकर विक्रय पर्ची देने एंव किसानों का अकारण रोका गया भुगतान दिलवाने की मांग की गई है। प्रेमाराम चोयल ने बताया कि किसानो की मुंग फसल तुलवाई गई जिसको खरीद केंद्र प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने 31 किसानों की विक्रय पर्चियां अपनी मनमर्जी से निरस्त कर दी और किसानो को इसकी सूचना भी नहीं दी।

किसानों का करीब 83 लाख रूपये का 941.5 क्विंटल मुंग का ठेकेदार एंव खरीद केंद्र प्रभारी ने गबन कर लिया जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। इस बारे में जाँच की गई जिसको ठेकेदार और प्रभारी ने मिलकर जाँच अधिकारी को प्रभावित किया और अपने चहेते जाँच अधिकारी को नियुक्त करवा लिया। इसके चलते इस मामले का अभी तक कोई निस्तारण नही हो पाया।

## हनुमान मंदिर का प्रथम पाटोत्सव कल

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के थर्ड सेक्टर स्थित हनुमान मंदिर का प्रथम पाटोत्सव 18 मई को मनाया जाएगा। हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पंडित सुभाष शर्मा ने बताया कि सोमवार देर शाम सवा आठ बजे श्याम बाबा का भव्य कीर्तन आयोजित होगा। इसमें आरिफम्यूजिकल ग्रुप पार्टी के साथ जयपुर के मनोज सेन एवं माधवगढ़ के विजेंद्र भार्गव श्याम बाबा के एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि 18 मई मंगलवार सुबह नौ बजे हवन का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## री-नीट-2026 की तैयारी हेतु नि:शुल्क आवास व्यवस्था

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जाट बोर्डिंग हाउस संस्थान, सीकर द्वारा री-नीट-2026 की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। संस्थान के प्रेस सचिव हरिराम मील एवं सचिव केशरदेव नेहरा ने बताया कि री-नीट-2026 में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के लिए जाट बोर्डिंग हाउस, सीकर में रहने की नि:शुल्क व्यवस्था उपलब्ध करवाई जा रही है। इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं दूर-दराज से आने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी हेतु सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना है।

## सड़क के निर्माण पर विवाद : ग्रामीणों ने रास्ता बदलने का आरोप लगाया



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा के दावा गांव में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत प्रस्तावित सड़क निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। गांव की मेघवाल और नायक ढाणियों के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में धांधली और राजनीतिक दबाव में मार्ग बदलने का आरोप लगाया है।

### राजनीति दबाव में मार्ग बदला

ग्रामीणों के अनुसार पहले स्वीकृत सड़क मार्ग मेघवाल और नायक ढाणियों से होकर गुजरना था। इससे वर्षों से खराब रास्तों और आवागमन की समस्या से जूझ रहे लोगों को राहत मिलने की उम्मीद थी। अब कथित राजनीतिक दबाव के कारण सड़क का मार्ग बदल दिया गया है, जिससे कई परिवार योजना के लाभ से वंचित हो जाएंगे। मामले की जानकारी मिलने पर मगनाराम केड़ली मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। केड़ली ने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता आवश्यक है और किसी भी वर्ग के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए।

### बिना सहमति मार्ग तय किया गया

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सड़क निर्माण के संबंध में जनसुनवाई और स्थानीय लोगों की सहमति के बिना नया मार्ग तय किया गया है। इससे क्षेत्र में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मूल प्रस्तावित मार्ग पर ही सड़क निर्माण करवाने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है।

### एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

मेघवाल और नायक ढाणियों के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सुनवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि सड़क जैसी मूलभूत सुविधा को राजनीति का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर एसडीएम को एक ज्ञापन भी सौंपा है।

## दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुरलीपुरा थाना पुलिस ने आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम को तोड़कर कैश लूटने का प्रयास करने वाले दिल्ली-एनसीआर के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बिना नंबर की चोरी की मोटरसाइकिल, लोहे की बड़ी छिन्नी, भारी हथौड़ा, सफेद कपड़ा और ग्लव्स बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने एटीएम तोड़ने और कैश बॉक्स निकालने का तरीका सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूट्यूब से सीखा था। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि मुरलीपुरा थाना पुलिस ने आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम को तोड़कर कैश लूटने का प्रयास करने वाले दिल्ली एनसीआर के शातिर बदमाश रज्जद निवासी पलमरवा जिला गिरडी झारखंड हाल गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश और उत्तम निवासी दक्षिण दिल्ली को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्होंने यूट्यूब से वीडियो और लिंक डाउनलोड कर एटीएम मशीन का लॉक तोड़ने और कैश बॉक्स निकालने की तकनीक सीखी थी। वारदात को अंजाम देने के लिए दोनों आरोपी पहले दिल्ली से हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल चोरी कर जयपुर पहुंचे थे। पहचान छिपाने के लिए उन्होंने चेहरे पर सफेद कपड़ा बांधा और हाथों में दस्ताने पहन रखे थे। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि दोनों बदमाश दिल्ली, गाजियाबाद और जयपुर के अन्य इलाकों में भी एटीएम रेकी या चोरी की वारदातों में शामिल रहे हो सकते हैं। थानाधिकारी वीरेन्द्र कुरील ने बताया कि 15 मई की देर रात समाजकंटकों और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र स्थित आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और इलाके की घेराबंदी कर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया। अतिरिक्त पुलिस पश्चिम उपायुक्त राजेश गुप्ता के सुपरविजन तथा सहायक पुलिस आयुक्त झोटवाड़ा आलोक कुमार सैनी के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने सीसीटीवी फुटेज और रात के मूवमेंट के आधार पर दो संदिग्धों को घेराबंदी कर दबोचा।

# मदरसे के बच्चे भी पढ़ रहे हैं विवेकानंद की पुस्तकें

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिले में एक अनूठी पहल के तहत मदरसों में भी अब स्वामी विवेकानंद के विचारों का प्रसार किया जा रहा है। मदरसा डॉ जाकिर हुसैन शिक्षण संस्थान चूरू सहित जिले के विभिन्न मदरसों में 154 छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को विवेकानंद पर आधारित पुस्तकें एवं वर्ष 2026 के कैलेंडर नि:शुल्क वितरित किए गए। इस अवसर पर मदरसा प्रधानाचार्य इदरीश खत्री शिक्षा अनुदेशक रुबीना, रफीक खान तथा भीमसर निवासी युवा लेखक व शोधकर्ता डॉ जुल्फिकार ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद और खेतड़ी राजा अजीत सिंह के ऐतिहासिक संबंधों की जानकारी देते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद अपने जीवनकाल में तीन बार खेतड़ी आए थे। उनका नाम, पोशाक, पगड़ी शिकागो विश्वधर्म सम्मेलन सहित उनके जीवन की दर्जनों घटनाएं है जो खेतड़ी से जुड़ी हुई है। खेतड़ी में देश का पांचवां और राजस्थान का पहला अजीत विवेक संग्रहालय स्थापित है जिसमें स्वामी विवेकानंद और राजा अजीत सिंह के 109 दिन की विशिष्ट घटनाओं को दर्शाया गया है।

### शोध और लेखन में भी सक्रिय

डॉ जुल्फिकार ने न केवल स्वामी विवेकानंद पर पीएचडी की बल्कि उनके जीवन और विचारों पर पांच पुस्तकें लिखी है। वे वर्ष 2005 से 2009 के बीच किए गए अपने शोध को जीवन की दिशा बदलने वाला अनुभव बताते हैं। उनका कहना है कि स्वामी विवेकानंद के विचार किसी एक धर्म तक सीमित नहीं बल्कि मानवता, राष्ट्रनिर्माण और युवाशक्ति को दिशा देने वाले हैं। उन्होंने दावा किया है कि रामकृष्ण मिशन खेतड़ी पर पीएचडी करने वाले वे देश के पहले मुस्लिम युवा है।

### 80 हजार विवेकानंद कैलेंडर और 20 हजार पुस्तकें कर चुके वितरित

डॉ जुल्फिकार ने बताया कि वे पिछले सात वर्षों से स्वामी विवेकानंद पर स्वयं की लिखित पुस्तकें रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन, स्वामी विवेकानंद चिन्तन एवं रामकृष्ण मिशन खेतड़ी और स्वामी विवेकानंद के प्रेरक संदेशों वाले कैलेंडर नि:शुल्क वितरित कर रहे हैं। अब तक 80 हजार विवेकानंद कैलेंडर और 20 हजार विवेकानंद पुस्तकें दिल्ली सहित राजस्थान के अलवर, जयपुर, बीकानेर, सीकर, चूरू, हनुमानगढ़, झुंझुनू आदि जिलों के राजकीय-गैर राजकीय विद्यालयों, मदरसोंएवंद विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में वितरित किए जा चुके हैं। भीमसर, नूआं, सिरियासर, आबूसर, अणगासर, अलसीसर, मलसीसर, टमकोर समेत लगभग 35 गांवों में वे पहुँचकर युवाओं से संवाद करते हैं। उनके हाथ में किताबें होती है और जुबान पर केवल प्रेरणा। वे बताते हैं कि विवेकानंद ने शक्ति सेवा और आत्मविश्वास की जो त्रिवेणी दी, वह हर धर्म के लिए समान है। इसी भाव के साथ उन्होंने कैलेंडर वितरण शुरू किया ताकि रोज सुबह लोग विवेकानंद का चेहरा देखें और एक विचार पढ़ें। उनका लक्ष्य एक लाख युवाओं तक स्वामी विवेकानंद के विचार को पहुंचाना है। विवेकानंद कैलेंडर 2026 सभी धर्मों के प्रति सम्मान, आदर, प्रेम और सहिष्णुता का संदेश देता है तथा एकता और भाईचारे को बढ़ावा देता है।



### रामकृष्ण मिशन से बचपन का जुड़ाव

डॉ जुल्फिकार के पिता जाफर हुसैन खेतड़ी स्थित एचसीएल में कार्यरत थे, वहीं से उनकी प्रारंभिक शिक्षा हुई। स्कूली दिनों में ही वे रामकृष्ण मिशन से जुड़े और मिशन के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की। इसी वातावरण ने उनके मन में विवेकानंद पर कुछ अलग करने का भाव जगाया। पीएचडी के दौरान उन्होंने देश के प्रसिद्ध बेलूर मठ और 50 से अधिक मठों का भ्रमण किया तथा सिंगापुर, श्रीलंका और बांग्लादेश के मठों में रहकर गहन अध्ययन किया।

### विवेकानंद पर लिखी प्रमुख पुस्तकें

रामकृष्ण मठ एवं रामकृष्ण मिशन, स्वामी विवेकानंद चिन्तन एवं रामकृष्ण मिशन खेतड़ी, राजस्थान में स्वामी विवेकानंद, रामकृष्ण मिशन बांग्लादेश ढाका का अध्ययन, स्वामी विवेकानंद की कुछ प्रेरक घटनाएं। इन पुस्तकों के माध्यम से उनका प्रयास है कि विवेकानंद की शिक्षाएं हर धर्म और वर्ग के युवाओं को जोड़ सकें। डॉ जुल्फिकार यह साबित कर रहे हैं कि महापुरुषों के विचार किसी एक धर्म की सीमा में नहीं बांधते। उनका अभियान सामाजिक समरसता का अनूठा उदाहरण बन गया है, जिसमें एक मुस्लिम युवा विवेकानंद को अपना आदर्श मानकर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रभाव को मजबूत कर रहा है।

## उप जिला चिकित्सालय में टेबल भेंट



श्रवण सारस्वत

**रींगस ( नवयत्न )।** समाजसेवा एवं जनहित की भावना को आगे बढ़ाते हुए कोटड़ी लुहारवास निवासी प्रशांत सामोता पुत्र शीशराम सामोता द्वारा उप जिला चिकित्सालय रींगस में मरीजों एवं परिजनों की सुविधा हेतु बैठने की टेबल भेंट की गई। इस अवसर पर अस्पताल परिवार द्वारा उनका सम्मान कर आभार व्यक्त किया गया। पीएमओ डॉ जितेन्द्र सिंह निठारवाल ने कहा कि समाज के सहयोग एवं सहभागिता से सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ बनती हैं। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े ऐसे सकारात्मक प्रयास मरीजों एवं आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा समाज में प्रेरणादायक संदेश देते हैं। अस्पताल प्रशासन द्वारा बताया गया कि भेंट की गई टेबल का उपयोग अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं परिजनों की सुविधा हेतु किया जाएगा। अस्पताल प्रशासन ने जनहित एवं मरीज सुविधा से जुड़े सकारात्मक सहयोगात्मक प्रयासों हेतु प्रशांत सामोता का आभार व्यक्त किया। इस दौरान नर्सिंग ऑफिसर अशोक शर्मा, दिलीप, मनोरी सुंडा सहित अस्पताल के कई लोग मौजूद रहे।

## सैनी की पुण्यतिथि पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के नवलगढ़ फोटोग्राफर समिति एवं पत्रकार साथियों के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार को गोयनका गेस्ट हाउस में प्रसिद्ध फोटोग्राफर गोरधन सैनी की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने सैनी की फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वही पुण्यतिथि के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 202 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। आयोजन समिति ने प्रशस्ति पत्र देकर रक्तदाताओं का सम्मान किया। इस दौरान पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ राजकुमार शर्मा ने कहा कि रक्तदान करना पुण्य का काम है। नवलगढ़ फोटोग्राफर समिति ने अपने साथी गोरधन सैनी की स्मृति में जो शिविर लगाया है वही नेक कार्य है। पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र सैनी ने कहा कि अपनों की याद में इस तरह के आयोजन होने चाहिये। जिससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिले। रक्तदान करके हम जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचा सकते है। भाजपा नेता रवि सैनी ने कहा कि फोटोग्राफर सैनी ने अल्प समय में ही नवलगढ़ में अपनी अमीट छाप छोड़ी थी। आज उनकी याद में लगाया गया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर सराहनीय कार्य है। इस दौरान पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ राजकुमार शर्मा, भाजपा नेता रवि सैनी, पूर्व




चेयरमैन सुरेन्द्र सैनी फूलवाला, पूर्व चेयरमैन रिछपाल सिंगोदिया, जिला परिषद सदस्य बीरबल सिंह गोदारा, कांगेस ब्लॉक अध्यक्ष बलदेव सैनी, सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष मक्खन लाल सैनी, भाजपा नेता राजेश कटेवा, पूर्व अध्यक्ष गजानन्द सैनी, पूर्व सरपंच रामनिवास सैनी, फोटोग्राफर समिति अध्यक्ष सुनील कुमार सैनी, भारत स्काउट गाइड के पूर्व प्रधान मुरली मनोहर चोबदार, सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद सैनी, मुनेश सैनी चैलासी, पार्षद एडवोकेट सुरेश सैनी, पार्षद जयन्ति बील, पार्षद अदनान खत्री, पार्षद महेन्द्र कुमार सैनी, पूर्व पीएमओ डॉ सुनील सैनी, पूर्व पीएमओ डॉ नवल सैनी, मनोज कुमार सैनी, पवन कुमार सैनी, समिति के कोषाध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा, देवकीनन्दन सोनी, छोटेलाल नांगलिया, शिशुपाल सैनी, बुधराम सैनी, राकेश सैनी, पन्ने सिंह सैनी, विजय कुमार सैनी, अंकित सैनी, प्रेमचन्द सैनी, सीताराम सैनी, सचिन सैनी, कमलेश सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे। बुधराम सैनी व अंकित सैनी ने कार्यक्रम में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप सहयोग देने वाले लोगों का आभार व्यक्त किया।

## राजस्थान राज्य जिमनास्टिक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव आज

**नोखा ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य जिमनास्टिक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी के आगामी चार वर्ष के लिए चुनाव कोटा मुख्यालय होटल लविश इन पर आज सम्पन्न होंगे। निर्वाचन अधिकारी सहकार विद् रामगोपाल शर्मा के अनुसार प्रदेश कार्यकारिणी में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष व कार्यकारिणी समिति के कुल 19 पदों के लिए चुनाव होंगे। निर्वाचन ऑब्जर्वर के रूप में राज्य खेल परिषद, जिमनास्टिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं राजस्थान ओलंपिक संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। निर्वाचन प्रक्रिया में राजस्थान के सक्रिय जिला जिमनास्टिक संघ के निर्वाचित प्रतिनिधि भाग लेंगे।

## प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** गोमती देवी पीजी महाविद्यालय, बड़ागांव में प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों से आये हुए कक्षा 12 उत्तीर्ण 400 से अधिक लड़के और लड़कियों ने भाग लिया। ग्रामीण अंचल के इस महाविद्यालय में प्रतिभा खोज परीक्षा का सफल संचालन रहा। परीक्षार्थी सुबह 8 बजे से ही अपने-अपने गार्जियन के साथ आना शुरू हो गये थे।

परीक्षार्थी और गार्जियन के लिए शीतल पेय, कोल्डड्रिंकस व मिठाई नाश्ते की भी व्यवस्था की गई। परीक्षा के तत्पश्चात महाविद्यालय ऑडिटोरियम में विद्यार्थियों के मोटिवेशन के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत संभागीय आयुक्त कोटा




राजेंद्र सिंह शेखावत, सह आचार्य, शेखावाटी विश्वविद्यालय, डॉ चेतन जोशी एवं राम कुमारी महाविद्यालय के निदेशक रमन चौधरी उपस्थित थे। राजेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को सफलता के टिप्स बताते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं होता। जीवन में आगे बढ़ने के लिए आपको मेहनत करनी ही पड़ेगी जिनके लिए एनसीईआरटी की बुक्स में सम्पूर्ण सामग्री आपको मिल जाएगी। शेखावत ने कहा कि विद्यार्थियों को आपस में बैठकर डिस्कशन करना चाहिए जिससे हौंसला अफजाई होता है। निदेशक डॉ सी एल शर्मा ने आये हुए मेहमानों को माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर सम्मानित किया। प्राचार्या डॉ निधि शेखावत ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के दौरान हांसलसर निवर्तमान सरपंच रामनिवास शर्मा, पूर्व सरपंच बड़ागांव, सत्य कुमार तानेनिया, सीताराम झाझड़िया, ताराचंद चौधरी बजावा, राजेन्द्र सिंह शेखावत, तुलसी राम निवर्तमान सरपंच सौंथली, नत्थुराम प्रधान, सवाई सिंह, वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी सुबेदार आजाद सिंह शेखावत सहित अन्य गणमान्य व समस्त महाविद्यालय स्टाफ मौजूद थे।

## पीटीएम में आरटीओ निरीक्षक ने दिए सड़क सुरक्षा के टिप्स

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उजीन सिंह का नाडा बेरी में अभिभावक अध्यापक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सभी विद्यार्थी के अभिभावकों को ग्रीष्मकालीन अवकाश में अपने बालक-बालिकाओं के लिए गृह कार्य को पूर्ण करवाने के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी आदतें सही रखना, पक्षियों के लिए परिंडे में लगातार पानी डालना और रोज अपने घर वालों की मदद करना, वंशावली का वंश वृक्ष बनाना, दादा-दादी नाना-नानी से कहानी, परंपरागत खेल सतोलिया, चर-भर छग्गा, आंटा और स्वास्थ्य को स्वस्थ रखने के लिए दौड़ना, साइकिल चलाना जैसे कार्यों के प्रति अभिभावक को जागरूक किया। इस अवसर पर दौसा आरटीओ में निरीक्षक और राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित झाबर सिंह धायल ने विद्यार्थी और अभिभावकों को सड़क सुरक्षा पर विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत जब सड़क के किनारे फुटपाथ बना होता तो बाई और चलना चाहिए और अगर कुछ बात नहीं है तो ढाई ओर चलना चाहिए। इसके साथ ही साथ उन्होंने हेलमेट लगाने के नियम और सीट बेल्ट लगाना, छोटे बच्चों को आगे की सीट पर नहीं बैठना, जैसे अनेक तरह की रोचक और उपयोगी जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी जीवन में अगर व्यक्ति सड़क सुरक्षा के



नियमों को अपना लेता है तो वह आजीवन अपनाते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई और विद्यार्थियों से अपने अभिभावक को बिना हेलमेट और बिना सीट पर और साथ में कभी भी ड्राइव करते समय मोबाइल का नहीं उपयोग नही करने की सौगंध दिलाने को कहा। उन्होंने विद्यार्थी सीपीआर का महत्व बताया और विद्यार्थियों को प्रायोगिक रूप से करके दिखाया। प्रधानाध्यापक राज कमल जाखड़ ने बताया कि यह नए सत्र की पहली पेटीएम है। इसमें झाझड़ के पूर्व सरपंच अर्जुन धतरवाल का विद्यालय में ही खिले कमल के फूल से स्वागत किया गया। उत्सव प्रभारी कल्पना ने बताया कि विद्यार्थी पीटीम को लेकर बहुत उत्साहित है और राज्य सरकार के निर्देशानुसार उसकी शाला दर्पण पर प्रविष्टि करनी अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि विद्यालय ने एक नवाचार करते हुए सभी विद्यार्थियों की अभिभावकों का एक समूह बनाकर उसमें प्रतिदिन किए जाने वाले कार्य को भेजने का निर्णय लिया है जिससे विद्यार्थी अपने नियमित गृह कार्य से लाभान्वित हो सके। इस अवसर पर बिंदु शेखावत, सुनीता मीणा, मंजू देवी, सुनीता, सुभाष चंद्र शर्मा, सुमन शर्मा, विमला देवी, दिलीप सिंह शेखावत सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सूडान के दो नागरिक ड्रग्स सहित गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में युवाओं को नशे के जाल में फंसाने वाले अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स नेटवर्क के खिलाफ जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने कार्रवाई करते हुए सूडान के दो विदेशी नागरिकों को अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नरेट द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत की गई। पुलिस उपायुक्त अपराध संजीव नैन ने बताया कि पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के मार्गदर्शन तथा विशेष पुलिस कमिश्नर ऑपरेशन्स ओम प्रकाश के निर्देशन में सीएसटी टीम को नशा तस्करी से संबंधित पुख्ता सूचना मिली थी।

इस सूचना के आधार पर सीएसटी और रामनगरिया थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने रामनगरिया थाना क्षेत्र स्थित एसके आईटी कॉलेज के गेट नंबर-3 के सामने घेराबंदी की। पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में घूम रहे दो विदेशी नागरिकों को रोककर तलाशी ली। जिसमें उनके कब्जे से 11.95 ग्राम अवैध ड्रग एमडीएमए बरामद की गई। पुलिस ने मामले में सूडान निवासी मोहम्मद अलफातिह निवासी करारी, सूडान हाल निवासी रामनगरिया जयपुर तथा एलवालिद अब्देलगादिर निवासी सूडान हाल रामनगरिया जयपुर को गिरफ्तार किया है।

**नाम परिवर्तन**

मेरी पुत्री सना सय्यद के स्कूल रिकॉर्ड में मेरा नाम मो. सादिक दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम मोहम्मद सादिक सय्यद (MOHAMMED SADIQ SAYED) है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जावें व मेरी पुत्री के स्कूल रिकॉर्ड में भी दुरूस्त करें।

**मोहम्मद सादिक सय्यद पुत्र अकबर अली**
**निवासी-वार्ड नं. 45, पिपली चौक, झुंझुनू,**
**तहसील व जिला-झुंझुनू ( राज. )**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190